वर्ष-3, अंक-55
इन्दौर मंगलवार 27 मई 2025
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

दैनिक

# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761, DAVP 133088/20/02/2020

प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com



लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वें जयंती वर्ष पर शत्-शत् नमन।

# फ्रांस के धोखे के बाद रद्द हो सकती राफेल मरीन डील

## पाकिस्तान से संघर्ष के बाद रूस से Su-57 विमान खरीद सकता है भारत

मॉस्को/पेरिस (एजेंसी)। फ्रांसीसी कंपनी डसॉल्ट एविएशन राफेल लड़ाकू विमान का सोर्स कोड भारत को सौंपने के लिए तैयार नहीं है। जिसकी वजह से माना जा रहा है कि भारत आगे फ्रांसीसी फाइटर जेट नहीं खरीदेगा।



पाकिस्तान से हालिया संघर्ष के बाद भारत की कोशिश राफेल लड़ाकू विमानों में अपने स्वदेशी मिसाइलों को इंटीग्रेट करने की है, लेकिन फ्रांस सोर्स कोड शेयर करने के लिए तैयार नहीं हैं। इससे पहले भी भारत के स्वदेशी लड़ाकू विमान इंजन कावेरी के लिए जब फ्रांसीसी कंपनी ने भारत की मदद नहीं की थी तो भारत ने अपने आजमाए हुए दोस्त रूस का रूख किया था। आज की तारीफ में कावेरी टर्बोफैन इंजन का टेस्ट रूस में इल्यूशिन 11-76 एयरक्राफ्ट में लगाकर किया जा रहा है। फाइटर जेट के इंजन का टेस्ट करना बहुत मुश्किल प्रक्रिया है और उसके लिए अलग इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरूरत पड़ती है और रूस, भारतीय इंजन की टेस्टिंग के लिए तैयार हो गया।

ओपेन मैग्जीन ने अपनी ताजा रिपोर्ट में दावा किया है कि अगर फ्रांस भारत के साथ राफेल लड़ाकू विमान का सोर्स कोड शेयर नहीं करता है तो बहुत उम्मीद है कि भारत, रूसी लड़ाकू विमान एसयू-57 खरीदने का विचार कर चुका है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन स्न्न-57 लड़ाकू विमान की टेक्नोलॉजी भारत के साथ शेयर करने के लिए तैयार हैं। Su-57 लड़ाकू विमान बनाने वाली रूसी कंपनी कई बार सार्वजनिक तौर पर कह चुकी है कि वो ना सिर्फ टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के लिए तैयार है, बल्कि भारत में फिफ्थ जेनरेशन लड़ाकू विमान बनाने के लिए तैयार है। रूसी कंपनी ने तो यहां तक कहा था कि अगर भारत सरकार तैयार होती है तो वो एसयू-30एमकेआई प्रोडक्शन यूनिट से ही स्न्न-57 लड़ाकू विमान का उत्पादन भारत में इसी साल से शुरू कर सकती है। ओपन मैग्जीन ने दावा किया है कि भारत ने हालिया समय में फ्रांस के साथ 26 राफेल मरीन के लिए जो सौदा किया है, उसपर भी पुनर्विचार कर रहा है।


### राफेल लड़ाकू विमान से भारत का मोह भंग!

भारत हर हाल में मेक इन इंडिया कार्यक्रम के तहत भारत में लड़ाकू विमानों का प्रोडक्शन लाइन स्थापित करना चाहता है और रूस इसके लिए तैयार है। सोर्स कोड का मतलब होता है, किसी हथियार प्रणाली, जैसे फाइटर जेट, मिसाइल या रडार का वह मूल सॉफ्टवेयर या प्रोग्रामिंग कोड जिससे वह ऑपरेट होता है। यह किसी भी आधुनिक लड़ाकू विमान की फ्रजानफ्र होती है। अगर राफेल का सोर्स कोड मिलता है तो भारत उसमें स्वदेशी ब्रह्मोस मिसाइल, इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर कस्टमाइजेशन, भारतीय रडार या सैटेलाइट नेटवर्क से लिंकिंग को शामिल करने के साथ साथ भविष्य में अपनी जरूरत के हिसाब से अपग्रेडेशन भी कर सकता है। भारत ने सितंबर 2016 में फ्रांस के साथ 36 राफेल लड़ाकू विमानों की डील की, जिसके तहत 36 राफेल विमानों को खरीदा गया था, इसमें फ्रांसीसी कंपनी ने भारत की जरूरतों के हिसाब से कई कस्टम फीचर्स शामिल किए थे। इस समझौते के तहत कुछ कंपोनेंट्स का टेक्नोलॉजी ट्रांसफर तो हुआ, लेकिन फ्रांस ने सोर्स कोड नहीं दिया।

# मुंबई में भारी बारिश, लो विजिबिलिटी से उड़ानों पर असर


## पुणे में बादल फटा, सड़कें डूबीं, घरों में पानी भरा; आज बारिश का यलो अलर्ट

नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ (एजेंसी)।



देश के 9 राज्यों में मानसून पहुंच चुका है। 24 मई को केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, पुडुचेरी को कवर करने बाद मानसून ने 25 मई को पूरा गोवा और महाराष्ट्र के कुछ हिस्से समेत मिजोरम, मणिपुर, नगालैंड को कवर किया है। आज सुबह से ही मुंबई में तेज बारिश हो रही है। कई जगह 7-8 किमी लंबा जाम लगा हुआ है। 70 से 80 किमी की रफ्तार से हवा चली, जिनके चलते पेड़ गिरे हैं। घने बादल की वजह से विजिबिलिटी काफी लो है। लोग गाड़ियों की लाइट ऑन करके ड्राइव कर रहे हैं। विजिबिलिटी कम होने से देश के अलग-अलग शहरों से आने वाली 8 फ्लाइट्स भी प्रभावित हुई हैं। रविवार को महाराष्ट्र में 35 साल बाद तय समय से पहले मानसून पहुंचा। राज्य में मानसून अमूमन 5 जून के आसपास एंट्री करता था। इस बार 10 दिन पहले पहुंचा। इसके पहले 1990 में 20 मई को पहुंचा था। कल पश्चिमी महाराष्ट्र में मानसूनी बारिश शुरू हुई। रविवार को पुणे में तेज बारिश हुई। पुणे-सोलापुर हाईवे पर पाटस इलाके में बादल फटा। कई नदी-नाले अचानक उफान पर आ गए। इसके चलते 200 घरों में पानी भर गया और कई गाड़ियां बह गईं। ट्रैक्टर भी पानी में डूब गया। पुणे के बारामती और इंदापुर में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई। यहां हृछ्रक्रन्न की 2 टीमें रेस्क्यू के लिए तैनात की गई हैं।

# पुतिन पूरी तरह पागल हो गए



वाशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि पुतिन पूरी तरह पागल हो गए हैं। ट्रम्प ने यह बयान अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर दिया। उन्होंने लिखा- मैंने हमेशा रूस के व्लादिमीर पुतिन के साथ बहुत अच्छे संबंध रखे हैं, लेकिन उनके साथ कुछ तो हुआ है। वो पूरी तरह पागल हो गए हैं। ट्रम्प ने कि वह बेवजह यूक्रेन के शहरों में मिसाइल और ड्रोन दागे जा रहे हैं। इसमें बहुत से लोग मारे जा रहे हैं। ट्रम्प ने लिखा, मैंने हमेशा कहा है कि वह यूक्रेन का सिर्फ एक टुकड़ा नहीं, बल्कि पूरा यूक्रेन चाहते हैं, और शायद यह सही साबित हो रहा है, लेकिन अगर वह ऐसा करते हैं, तो इससे रूस का पतन हो जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने रूस पर और प्रतिबंध लगाने की धमकी दी। ट्रम्प ने यूक्रेन के राष्ट्रपति की भी आलोचना की। उन्होंने कहा, जेलेंस्की जिस तरह से बात करते हैं, उससे वह अपने देश का भला नहीं कर रहे। उनके मुंह से निकलने वाली हर बात परेशानियां पैदा करती है, मुझे यह पसंद नहीं है, और बेहतर होगा कि इसे रोक दिया जाए।

# कोरोनाः 1009 सक्रिय मामले, केरल, महाराष्ट्र और दिल्ली में बढ़ा खतरा



कोलकाता (एजेंसी)। भारत में पिछले एक सप्ताह में कोविड-19 के 752 नए मामले सामने आए हैं, जिसके साथ ही देश में कुल मामलों की संख्या 1,000 से अधिक हो गई है।

केरल, महाराष्ट्र और दिल्ली ऐसे राज्य हैं, जहां पिछले एक सप्ताह में सबसे अधिक नए संक्रमण के मामले सामने आए हैं। भारत के कोविड-19 अपडेट के अनुसार कुल 1009 सक्रिय मामले हैं, जिनमें से 752 मामले हाल ही में पुष्टि किए गए हैं। केरल में सबसे ज्यादा 430 सक्रिय मामले हैं, उसके बाद महाराष्ट्र में 209, दिल्ली में 104 और कर्नाटक में 47 सक्रिय मामले हैं।

अंडमान और निकोबार, अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, हिमाचल प्रदेश और जम्मू और कश्मीर जैसे कुछ राज्यों में फिलहाल कोई सक्रिय मामला दर्ज नहीं किया गया है। कई शहरों में कोविड-19 के नए मामलों में स्पष्ट वृद्धि के बीच, देश में दो नए वेरिएंट - ह्न्न1.8.1 और LF.7 के मामले सामने आए हैं। यह जानकारी केंद्र सरकार की एजेंसी इंडियन ड्ढ्रस्न्न-ष्टशङ्क-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम (Insacog) के ताजा आंकड़ों से मिली है।

## पादरी से मिलने पाकिस्तान पहुंची नागपुर की महिला

नागपुर (एजेंसी)। नागपुर की रहने वाली 43 वर्षीय सुनीता जांगड़े को पाकिस्तानी रेंजर्स ने अमृतसर के अटारी बॉर्डर पर BSF को सौंप दिया है। नागपुर की यह महिला पाकिस्तानी पादरी के प्यार में पड़कर 14 मई 2025 को कारगिल के हुंदरमन गांव से नियंत्रण रेखा पार कर आई थी। यहां से वह गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र में पहुंच गई। जानकारी के मुताबिक, सुनीता अपने 14 वर्षीय बेटे के साथ छुट्टियां मनाने लद्दाख गई थी, इस दौरान उसके अचानक लापता होने की बात सामने आई, वह अपने बेटे को होटल में छोड़कर गई थी। जांच में पता चला कि सुनीता दो पाकिस्तानी नागरिकों से बात कर रही थी।

# झारखंड में 5 लाख का इनामी नक्सली मुठभेड़ में मारा गया

### 10 लाख का इनामी नक्सली गिरफ्तार



रांची। झारखंड में लातेहार जिला के नेतरहाट थाना क्षेत्र में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में भाकपा माओवादी संगठन के कमांडर पांच लाख के इनामी मनीष यादव मारा गया जबकि दस लाख का इनामी कुंदन खेरवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया कि नक्सलियों के साथ यह मुठभेड़ रविवार देर रात शुरू हुई और सोमवार की सुबह तक चली। मुठभेड़ खत्म होने के बाद चलाए गए सर्च अभियान के दौरान मनीष यादव का शव मिला। मनीष यादव के उपर सरकार ने पांच लाख इनाम की घोषणा की थी। इस अभियान के दौरान लातेहार पुलिस को 10 लाख इनामी कुंदन खरवार को भी पकड़ने में भी सफलता हाथ लगी है। मारे गए नक्सलियों के पास से पुलिस ने कई हथियार भी बरामद किया है। उल्लेखनीय है कि बीते 24 मई को एसपी कुमार गौरव के नेतृत्व में लातेहार पुलिस की टीम ने लातेहार थाना क्षेत्र के इचाबार जंगल में जेजेएमपी सुप्रीमो 10 लाख इनामी उग्रवादी पप्पू लोहरा और पांच लाख इनामी उग्रवादी प्रभात गंझू को भी मार गिराया था।

## इथियोपिया में एमपॉक्स का पहला मामला आया सामने

अदीस अबाबा । इथियोपिया में एमपॉक्स का पहला मामला सामने आया है। देश के स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार को इसकी पुष्टि की। इथियोपिया के स्वास्थ्य मंत्रालय और सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान ने एक संयुक्त बयान में कहा कि केन्या की सीमा के पास मोयाले शहर में 21 दिन के एक शिशु में एमपॉक्स की पुष्टि हुई है। मंत्रालय ने कहा कि बाद में किए गए परीक्षण में भी पुष्टि हुई है कि बच्चे की मां भी वायरस से संक्रमित है। मंत्रालय ने कहा कि बच्चे और उसकी मां को क्वारंटीन में रखा गया है। मंत्रालय के अनुसार बच्चे और उसकी मां दोनों को अब तक कोई गंभीर स्वास्थ्य समस्या नहीं हुई है और वे फिलहाल स्थिर स्थिति में हैं।

# गाजा के स्कूल पर हमला, 30 की मौत

### शरणार्थी कैंप बनाया गया था; स्पेन ने इजराइल पर प्रतिबंध लगाने की मांग की

तेल अवीव।

इजराइल ने रविवार देर रात गाजा में कई जगहों पर हमले किए। इन हमलों में एक स्कूल को भी निशाना बनाया, जिसमें 30 लोगों की मौत हो गई है।



स्कूल में आग लगने से लोग जिंदा जल गए। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक यह एक किंडरगार्टन स्कूल था, जिसे शरणार्थी शिविर को तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा था। मरने वालों में रेड क्रॉस के दो कार्यकर्ता, एक पत्रकार और कई बच्चे शामिल हैं। इनमें गाजा का सबसे कम उम्र का इन्फ्लुएंसर याकीन हम्माद (11 वर्ष) भी मारा गया है।

### 14 से 16 जून तक बीजेपी विधायक-सांसदों का ट्रेनिंग कैंप

भोपाल । पचमढ़ी में 14 से 16 जून तक बीजेपी के विधायकों सांसदों का ट्रेनिंग कैंप आयोजित होगा। इस ट्रेनिंग कैंप में एमपी बीजेपी के सभी विधायक, मंत्री और लोकसभा, राज्यसभा के सांसद शामिल होंगे। उद्घाटन में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आयेंगे। वहीं, समापन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल होंगे।

## जौनपुर में पिता और दो पुत्रों की हथौड़ा मार कर हत्या

जौनपुर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के जफराबाद क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों ने एक बुजुर्ग और उसके दो पुत्रों की सिर पर हथौड़ा मार कर हत्या कर दी है। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ ने सोमवार को बताया कि क्षेत्र के मोहम्मदपुर कांध गांव निवासी लालजी(62) उसके पुत्र गुड्डू कुमार (32) व यादवीर (28) की लाल जी बेल्डिंग वर्कशॉप के नाम से दुकान क्षेत्र के नेवादा बाईपास पर थी। रविवार की रात लाल जी अपने दो पुत्रों के साथ दुकान पर था कि देर रात अज्ञात बदमाशों ने हथौड़े से सिर पर मार कर तीनों की हत्या कर दी ।

# हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में 800 भारतीय स्टूडेंट्स पर संकट

वाशिंगटन (एजेंसी)। 23 मई 2025 को अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी विभाग (ष्ठ॥स्-) ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी को एक नोटिस भेजा। इसमें कहा गया कि यूनिवर्सिटी अब अंतरराष्ट्रीय छात्रों को दाखिला नहीं दे सकती।



हालांकि नोटिस मिलने के कुछ घंटों बाद, बोस्टन की एक संघीय जज, एलिसन बरोज ने DHS की कार्रवाई पर अस्थायी रोक लगा दी। ये रोक करीब एक हफ्ते तक लागू रहेगी। इससे पहले होमलैंड सिक्योरिटी विभाग ने हार्वर्ड के स्टूडेंट एंड एक्सचेंज विजिटर प्रोग्राम (SEVP) को रद्द कर दिया था। इसके बिना कोई यूनिवर्सिटी विदेशी छात्रों को वीजा के तहत पढ़ाने की अनुमति नहीं दे सकता। इसका मतलब है कि हार्वर्ड में पढ़ रहे 6,793 विदेशी छात्रों को या तो किसी और यूनिवर्सिटी में जाना होगा, या अपनी वीजा स्थिति बदलनी होगी, या फिर अमेरिका छोड़ना होगा।

जारी विवाद के चलते लगभग 800 भारतीय स्टूडेंट्स संकट में हैं। बता दें कि हर साल लगभग 700 से 800 भारतीय स्टूडेंट्स पढ़ाई के लिए हार्वर्ड और लगभग 2.5 लाख से 3.5 लाख स्टूडेंट्स अन्य अमेरिकी यूनिवर्सिटीज में पढ़ने जाते हैं। यही कारण है कि भारतीय उद्योगपति अक्सर इन यूनिवर्सिटीज को करोड़ों का अनुदान देते हैं।

CMYK

# संपादकीय

## आतंकी शैतान होते हैं

*ऑल इंडिया इमाम आर्गेनाइजेशन के चीफ इमाम डॉक्टर अहमद इलियासी ने एक फतवा 27 अप्रैल को जारी किया है। जिसमें कहा गया है, आतंकवादी शैतान होता है। किसी भी आतंकवादी के साथ शैतान की तरह ही व्यवहार किया जाना चाहिए। उन्होंने अपने फतवे में कहा कि भारत के अंदर कोई भी आतंकवादी मारा जाता है, ऐसी स्थिति में उसके जनाजे की नमाज कोई ईमाम नहीं पढ़ाएगा। भारत के कब्रिस्तान में उसे दफनाया भी नहीं जाए। उन्होंने 5.50 लाख मस्जिदों के इमाम को फतवा भेजा है। लव जिहाद के मामले में भी इलियासी ने चिंता जाहिर करते हुए कहा है, समाज में कुछ लोग नाम और पहचान छुपाकर शादी या निकाह करते हैं, यह गलत है। इलियासी ने कहा कि इस्लाम, शांति प्रेम और सहिष्णुता का धर्म है। इस्लाम आतंकवाद का धर्म नहीं है। डॉ. इलियासी ने पहलगाम आतंकी घटना के बाद भारतीय सेना द्वारा जो ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया, उसकी सराहना की। उन्होंने कहा कि सेना ने आतंकवाद के खिलाफ सटीक और सही जवाब दिया है। यह आपरेशन भारत के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बलूचिस्तान को भी स्वतंत्रता देने की वकालत की। डॉ इलियासी ऑल इंडिया इमाम ऑर्गेनाइजेशन के चीफ इमाम है, उन्होंने जो फतवा जारी किया है, निश्चित रूप से उसका पालन भारत की सभी मस्जिदों और कब्रिस्तानों में होगा। आतंकवादियों के जनाजे की नमाज कोई इमाम नहीं पढ़ाएगा, तो मुस्लिम समाज के बीच में इसका एक बेहतर संदेश जाएगा। इसके साथ ही भारत के सभी वर्गों के नागरिकों के बीच में भी यह संदेश जाएगा। मुस्लिम धर्म को मानने वाले लोग आतंकवादियों को शैतान मानते हैं। अतः जो आतंकवादी यह मानकर चलते हैं, वह इस्लाम की लड़ाई लड़ रहे हैं, उन्हें मरने पर जन्नत नसीब होगी। इस फतवे ने आतंकवादियों को भी बड़ा संदेश दे दिया है। इस्लाम में आतंक के लिए कोई स्थान नहीं है। इस्लाम में आतंक को शैतान का कार्य माना गया है। शैतान का मस्जिद में प्रवेश हो ही नहीं सकता है। शैतान मरते हैं, तो उनके जनाजे की नमाज भी मस्जिद में नहीं होनी चाहिए। यह संदेश देकर उन्होंने भारत में इस्लाम धर्म और भारत के सभी धर्म के बीच के भाईचारे को मजबूत करने का काम किया है। निश्चित रूप से किसी भी धर्म के मूल में शांति, सद्भाव और सेवा का ही वर्णन मिलता है। सभी धर्म में मानवीय आचरण में शांति, प्रेम और सद्रभाव को ही धर्म बताया गया है। जिस तरह से मुस्लिम समाज के इमाम डॉक्टर अहमद इलियासी ने जब सारी दुनिया में आतंकवाद बढ़ रहा है, ऐसे समय पर उन्होंने आतंकवादियों के खिलाफ फतवा जारी करके मुस्लिम समुदाय के साथ-साथ भारत और दुनिया के सभी देशों के नागरिकों को शांति का संदेश देने की कोशिश की है। इसकी जितनी सराहना की जाए, कम है। इसके साथ ही अन्य धर्म के धार्मिक गुरुओं को भी आगे आकर शांति, प्रेम और सद्भाव का संदेश देना चाहिए। तभी मानवीय समाज का उत्थान और विकास संभव है। भारत इस मामले में दुनिया के सभी देशों में सबसे अलग है। हजारों वर्षों से भारत में विभिन्न संस्कृति, विभिन्न धर्मों और विभिन्न भाषाओं के लोग यहां पर रहते हैं। जैसे पानी में दूध या तो दूध में पानी मिलकर एक दूसरे में आत्मसात हो जाते हैं। ठीक उसी तरह से भारत की संस्कृति वसुदेव कुटुंब की रही है। भारत की संस्कृति में प्रकृति की पूजा का प्रावधान है। भारत में जन्म लेने वाले और रहने वाले सभी लोग एक दूसरे की संस्कृति और एक दूसरे के विचारों को आत्मसात करते हैं। जिसके कारण ही भारत दुनिया का सर्वश्रेष्ठ देश अनादिकाल से है, आगे भी रहेगा। हाल के वर्षों में जिस तरह से सांप्रदायिक उन्माद फैलाया जा रहा है। धर्म की सीढी के माध्यम से सत्ता प्राप्त करने के लिये जिस तरह का आतंक फैलाया जा रहा है। यह सभी को समझ आने लगा है। पहलगाम की साजिश घटना को जिस तरह से हिंदू और मुस्लिम के बीच तनाव पैदा करने की कोशिश आतंकवादियों और सत्ता में बैठे हुए कुछ लोगों द्वारा की गई थी, उसे भारत के लोगों ने नकार दिया है। भारतीय मुसलमानों ने पहलगाम की इस आतंकवादी घटना के बाद जिस तरह से सारे देश और दुनिया को आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता संदेश दिया है। वह निश्चित रूप से सराहनीय है। इसका असर दीर्घकालीन होगा। आतंकवाद के खिलाफ सभी धर्मों के धर्म गुरुओं को आगे आकर धर्म को आगे करके जो आतंकवाद की लड़ाई हो रही है, आहुति डालनी होगी। तभी भारत और दुनिया के देशों को आतंकवाद से निजात मिलेगी। मानवीय जीवन में प्रकृति में जितने भी जीव है। उनके पोषण करने, उनकी रक्षा करने का दायित्व मानव समाज पर है। सभी धर्म के मूल गुण में यह शामिल है। सभी धार्मिक गुरु इस मामले में आगे आकर पहल करेंगे, तो निश्चित रूप से भारत सहित दुनिया के सभी देशों में शांति का एक नया वातावरण बनेगा। भारत सहित दुनिया के देशों से सत्ता संरक्षित आतंक समाप्त होगा।*

# चूहों का आतंक









**व्यंग्य**

**अरण्यरोदन**

सरकारी दफ़्तर-सा था... नहीं-नहीं, सरकारी दफ़्तर ही था... अब आप कहेंगे, कौन-सा दफ़्तर? भई, मुझे तो सब दफ़्तर एक जैसे ही नज़र आते हैं। दफ़्तरों की शक्ल एक जैसी, वहाँ कुर्सी पर बैठे अधिकारियों की शक्ल बिल्कुल एक जैसी... जैसे माँ-जाए भाई या बहन हों। सरकारी नाम आते ही एक चिर-परिचित छवि आपके मन में बन ही गई होगी... बननी ही चाहिए... क्योंकि मेरी तरह आप सभी का भी नित-प्रतिदिन इन सरकारी दफ़्तरों से पाला पड़ता ही है। बस ऐसे ही किसी दफ़्तर के बरामदे में पड़ी टूटी बेंच पर मैं पड़ा हुआ हूँ। क्योंकि मुझे बुलाया नहीं गया था, अपनी मनमर्ज़ी से मुँह उठाए यहाँ चला आता हूँ, इसलिए घर के बाहर गली के कुत्ते की तरह मालिक की रहमो-करम की नज़रों की इनायत हो जाए, बस यही इंतज़ार कर रहा हूँ।एक लफ़ड़ा हो गया... न जाने मुझे क्या सूझी कि खुद का एक निजी अस्पताल खोलने का कीड़ा लग गया। जैसे ही सरकार को पता लगा कि मुझे अस्पताल खोलने के कीड़े ने काट लिया है, सरकार की नींद हराम हो गई। सत्ता में भूचाल आ गया। शायद जैसे 1975 में तत्कालीन सरकार को आपातकाल लागू करना पड़ा था, कुछ वैसी ही सरकार की मजबूरी आन पड़ी।न जाने कितने दफ़्तरों के अफसरों की जेब में रखे फ़ोन झनझना उठे–गर्ग का बच्चा अस्पताल खोल रहा है, जितनी भी आपत्तियाँ दर्ज हो सकती हैं, उन संबंधित विभागों को अलर्ट कर दो। सभी विभाग नोटिस भेज दें कि अस्पताल खोलने से पहले हमारे विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन?ओ?सी?) जारी करवाएं।बस ऐसे ही एक विभाग की एन?ओ?सी? बनवाने आया हूँ।इस देश में एक तरफ तो %मेक इन इंडिया% को बढ़ावा देने को कहा जा रहा है–नौकरियों के पीछे मत भागो, अपना खुद का धंधा करो–और दूसरी तरफ सरकार की दस आपत्तियाँ होती हैं। उसके लिए दस आपत्ति विभाग खोल रखे हैं, जहाँ से आपको अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना है।बाप रे! क्या करें... सरकार के बहकावे में आकर खुद का धंधा खोलकर देश निर्माण के भुलावे में आ गए, अब भुगतो... बस वही भुगत रहा हूँ।इंतज़ार में बेसब्री से अपनी टाँगों को एक-दूसरे के ऊपर पटककर बोरियत मिटा रहा हूँ। एक मोटा चूहा पैरों के ऊपर से गुज़रा, कसम से उछल ही गया। पास में चपरासी खिसिया कर मेरी हालत पर हँसा, क्या साहब, चूहों से इतना डरते हो? उसका मतलब चूहे जैसी मेरी हालत... शायद उसे मैं चूहे की बिरादरी का ही लग रहा था।मैंने कहा, हाँ, डर लगता है।बोला, साहब, यहाँ तो चूहे ही चूहे हैं। ऑफिस की दीवारें, अलमारियाँ, कुर्सियाँ, खिड़कियाँ–सब जगह इन्होंने क़ब्ज़ा कर रखा है।इनसे छुटकारा पाने का कुछ इंतज़ाम क्यों नहीं करते?क्या करें साहब, ऊपर के अधिकारियों को कई बार संज्ञान भेजा है, रिपोर्ट बनाई है, चूहों को मारने की दवाइयों का टेंडर भी निकाला, दवाई मँगवा भी ली थी, दवाई रखी... लेकिन साहब, ये चूहे ज़िद्दी हैं, सरकारी ज़हर से मरते ही नहीं हैं।मैंने कहा–पिंजरा रखवाते न!पिंजरा भी सरकार ने दिलवाया था साहब। पिंजरे ऐसे कि इधर चूहे घुसते, उधर पिंजरों में बड़ा छेद था–सब निकल जाते हैं। चूहों ने कुनबा बढ़ा लिया साहब, यहाँ ज़मीन, दीवार–सब जगह बिल बना दिए हैं।मुझे उसकी चूहाबाज़ी बकवास से अब डर सा लगने लग गया था। देश के किसी भी कोने में फैले आतंकवाद से ज़्यादा मुझे ये चूहों का आतंक लग रहा था। लेकिन शायद उसका काम यही था–हम जैसे चूहों का टाइमपास करना।आखिरकार नंबर आ ही गया। अंदर गया तो बड़ी-सी टेबल के पीछे अधिकारी जी–उनकी फूली हुई तोंद–कुछ वैसी ही जैसे किराने के व्यापारी के घर पल रहे मुस्टंडे चूहे की होती है। फाइलों का ढेर आगे लगा हुआ था। बड़े अधिकारी की पहचान उसके आगे लगे फाइलों के ढेर से ही की जा सकती है।पीछे अलमारियों में भी फाइलों का ढेर बाहर निकल रहा था, जैसे कोई अंग-प्रदर्शन चल रहा हो। फाइलों ने भी अपने आपको कुतरवा रखा था–बिल्कुल जैसे आजकल जींस कुतरी जाती है। नया फैशन का ज़माना है साहब... फाइलों को भी तो हक़ बनता है–ज़माने के हिसाब से चलना... मुझे चूहों का सब माजरा समझ में आ गया।अधिकारी जी बोले, आओ डॉक्टर साहब, कैसे हैं आप... क्या हाल है आपके?इस बीच कुछ चूहे फाइलों के ढेर के चारों ओर चक्कर लगाते हुए गुज़रे, जैसे किसी देव मंदिर में परिक्रमा चल रही हो।अधिकारी की बगल में खड़ा चपरासी अब अपने आवंटित कार्य में लग गया था और अपने हस्तप्रहार से एक-दो चूहे का छापामार पद्धति से शिकार करने के मूड में था।अधिकारी इस चूहा-दौड़ के खेल को बड़ी रंजमयता से देख रहे थे।देखो गर्ग साहब, ऑफिस की क्या हालत कर रखी है चूहों ने–फाइलें कुतरने में लगे हैं। इन्हें चाहिए कुछ न कुछ खाने को। अब आप ही बताओ, ये हमसे एक्सपेक्ट करें कि हम इनको गुड़-चना रखें खाने के लिए? चलो रख भी दें... लेकिन अब इन्हें गुड़-चना भाता नहीं है। इन्हें फाइलों का चस्का लग गया है। इन्हें फाइल ही खानी है। वो तो कुछ आप जैसे हमारे खास लोगों की फाइलें हम बचा कर रखते हैं–घर ले जाते हैं, वहीं देख लेते हैं, मार्क कर लेते हैं। ऑफिस का भरोसा नहीं होता ना! मैं सोच रहा था–ऑफिस में वास्तव में चूहों की भरमार हो गई है। इन चूहों को फाइलों के खून का स्वाद लग गया है। आपकी फाइल छोड़ेंगे नहीं–बशर्ते आप फाइल की जगह उन्हें कुछ और खाने को न देंगे... मसलन गुड़ और चने की भरपूर सप्लाई।

**डॉ मुकेश गर्ग**
**गर्ग हॉस्पिटल ,स्टेशन रोड**
**गंगापुर सिटी राजस्थान पिन कॉड 322201**

# उड़ान



**कहानी**



गुप्ताजी दयालजी के घर तशरीफ़ लाये हुए थे। शादी-विवाह जैसे मसलों पर उनमेंविचारों का आदान प्रदान हो रहा था। तभी दयालजी की बेटी कमरे में दाखिल हुई।

उसे देख गुप्ताजी अनायास बोल पड़े, दयाल, तेरी बेटी तो बड़ी हो गयी। एकदम शादी लायक हो गयी है ! दयालजी किंचित मुस्कुरा कर चुप रहे। दयालजी की बेटी ने दोनों के पाँव छुए और पापा के हाथों में अपना रिपोर्ट कार्ड रख दिया। बेटी ने उल्लसित होकर कहा, पापा,मैंने बीए की परीक्षा प्रथम श्रेणी से पास कर ली है। अब मैं यूपीएससी और स्टेट सिविल सर्विसेज की तैयारी करूंगी। मैं इनमें भी जरूर सफलता प्राप्त करूंगी। दयालजी ने गर्व भाव से बेटी का पीठ थपथपाते हुए कहा, हाँ बेटा, मेरा आशीर्वाद है कि तेरी मेहनत आगे भी रंग लाये।

तभी दयालजी की बेटी गुप्ताजी के तरफ मुख़ातिब हुई और उसने विश्वास से लबरेज होकर कहा, अंकल, अपने कहा, मैं शादी लायक हो गयी हूँ। नहीं..! मैं तो अभी जीवन में और आगे जाने लायक हुई, अभी शादी लायक नहीं। गुप्ताजी शरमा गए। उन्होंने कहा, बेटी, तू ठीक कहती है। मैं गलत था। सॉरी ! गॉड ब्लेस यू !

**- ज्ञानदेव मुकेश**
**301, साई हॉरमनी अपार्टमेन्ट,**
**न्यू पाटलिपुत्र कॉलोनी,**
**पटना-800013**

# प्रतीक्षा की रेखा

मोहनलाल जी बरामदे में अपनी आरामकुर्सी पर बैठे थे। हाथ में गर्म चाय का प्याला और दिल में पुराने दोस्त से मिलने की चाह। सुबह की धूप धीमे-धीमे बदन पर उतर रही थी, और उनका मन अतीत की गलियों में भटक रहा था। उन्होंने रमेश बाबू को फोन लगाया–बचपन के मित्र, जिनसे वर्षों बाद संपर्क हुआ था। हैलोज कौन? अरे, पहचाना नहीं? मोहन बोल रहा हूँ–मोहनलाल त्रिवेदी। तुम्हारा क्लासमेट! अरे मोहन! तूज? कितना वक्त हो गयाज हाय राम! तेरी आवाज़ बिल्कुल वैसी ही है।

दोनों कुछ पल पुरानी यादों में हँसते-हँसते खो ही रहे थे कि रमेश बाबू बोले, अरे, एक मिनट भाई! जरूरी कॉल आ रहा हैज तू लाइन पर रह, मैं अभी लौटा! ठीक है, पर यादा समय मत लगाना! मोहन बोले और फोन कान से लगाए बैठे रहे। आप जिससे बात कर रहे हैं, उन्होंने आपके कॉल को होल्ड पर रखा हैज एक कृत्रिम आवाज गूंजी।मोहनलाल मुस्कराए, कितनी जल्दी मशीनें हमारी बातचीत में घुस आई हैं। दो मिनट बाद फिर वही आवाज। चार मिनट बाद फिरज हर दो मिनट में टेलीफोन विभाग उन्हें यह याद दिला रहा था कि वह अब भी प्रतीक्षा में हैं। धीरे-धीरे उनके चेहरे की मुस्कान धुंधली होने लगी। एक पुराना भाव लौट आया–इंतजार का। वही इंतजार जो उन्होंने रिटायरमेंट के बाद बेटे के फोन कॉल के लिए किया था, जो बहू के बुलावे के लिए किया था, जो पोती के जन्मदिन पर घर आने की आस में किया थाज और जो हर बार, आप जिससे जुड़ना चाहते हैं, वह अभी उपलब्ध नहीं हैं जैसी खामोशी में तब्दील हो गया था। आखिरकार, फोन से अंतिम सूचना आई–आप जिनसे बात कर रहे थे, वे अब उपलब्ध नहीं हैं। मोहनलाल ने चुपचाप फोन मेज पर रखा। चाय अब ठंडी हो चुकी थी। उसी समय पोता चिंटू स्कूल से लौटा।दादाजी, क्या आप फिर से किसी पुराने दोस्त से बात कर रहे थे?हां बेटाज बात तो शुरू हुई थी, लेकिन पूरी न हो सकी। क्या वह दोस्त फिर से बात करेगा? चिंटू ने भोलेपन से पूछा।मोहनलाल ने हौले से मुस्कराते हुए कहा,शायद नहीं बेटाज्कुछ दोस्त, कुछ रिश्ते, और कुछ बातेंबस अधूरी रह जाती हैंज ठीक उस कॉल की तरह, जो कभी दोबारा जुड़ नहीं पाती।चिंटू ने दादाजी का हाथ थाम लिया। और मोहनलाल की आंखों में इंतजार की रेखा धीरे-धीरे नमी में बदलने लगी।

**रामचन्द्र धर्मदासानी,**
**उजैन।**

# दौरे के बहाने

राजीव मेहरा एक प्रतिष्ठित सरकारी विभाग में वरिष्ठ अधिकारी थे। ईमानदार, अनुशासित और संयमी–यही छवि थी उनकी भोपाल कार्यालय में। लेकिन जैसे ही हेड ऑफिस मुंबई में कोई मीटिंग तय होती, राजीव स्वयं को उस दौरे के लिए सबसे उपयुक्त साबित कर देते। मुंबई की फाइलें मुझे बेहतर समझ में आती हैं, वे विनम्रता से कहते, और उनके तर्क मान लिए जाते। कई वर्षों तक यही क्रम चलता रहा–मुंबई के नियमित दौरे और वहां की गोपनीयता। रिटायरमेंट के दिन विभाग में चाय-पार्टी का आयोजन था। सहकर्मी, अधीनस्थ, और वरिष्ठ–सभी ने राजीव की सेवा को सराहा। भाषणों, उपहारों और तालियों के बीच अचानक एक युवती ने सभागार में प्रवेश किया। उसके साथ दो किशोर भी थे। मैं रचना मेहरा, उसने स्पष्ट स्वर में कहा, राजीव जी की पत्नी, मुंबई वाली। और ये हमारे बच्चे हैं। सभागार में सन्नाटा छा गया। भोपाल वाली पत्नी, जो पहली पंक्ति में बैठी थी, स्तब्ध रह गई। राजीव की मुस्कान एक पल को जमी, फिर धीरे-धीरे ढलती चली गई। रचना ने एक दस्तावेज़ सभी के सामने रखा–राजीव के मुंबई पते और बच्चों के जन्म प्रमाणपत्रों सहित। आज वो रिटायर हो रहे हैं, तो मेरा भी समय आ गया कि मैं सामने आऊं, उसने नर्म लेकिन दृढ़ स्वर में कहा। राजीव कुछ नहीं बोले। शब्दों की जगह अब मौन ने ले ली थी।

**रामचन्द्र धर्मदासानी,**
**उज्जैन।**

**कहानी**

# वो सुबह कभी तो आएगी

मां बताती है कि दीवार पर टंगी यह तस्वीर तब की है जब मैं बहुत छोटा था।पांव लिए ही थे मुश्किल से साल ,डेढ़ साल का रहा होऊंगा।सारी बस्ती के रहवासी हम सब मजदूरी पर जाते थे।सुबह पांच बजते - बजते सारी बस्ती जाग जाती थी। दिशा मैदान के लिए औरतें एक तरफ और मर्द दूसरी तरफ जाते थे।कहीं झाड़ झंकाड़ देख कर निपट लेते थे।आजकल अस्थाई से शौचालय बन गए हैं। आजकल जहां हम कच्चे पक्के टपरे बनाकर रह रहें है पहले बरसाती तान कर रहते थे।तब इन इन बरसातियों में चिमनियां जला करती थीं।आजकल।हमने जुगाड कर लट्टू लगवा लिए हैं। खैर ,बात दीवार पर लगी इस तस्वीर की करें।उस दिन भी बस्ती के लोग अपनी सुबह की दिनचर्या से फारिग हो गए थे।औरतें भी अपने चूल्हों पर खाना पका चुकी थीं।हमें मजदूरी के लिए साइट पर ले जाने के लिए ठेकेदार की ट्रेक्टर ट्राली आकर खड़ी हो गई थी।अपने घरों पर ताला लगाकर हम सब ट्राली में चढ़ गए ठीक ऐसे ही जैसे हम भी कोई लदान हों।ट्राली चल दी।आदमी अपनी और औरतें अपनी बातें करने लगे।बच्चों को तो जहां मौका मिलता है मस्ती करने लगते हैं ।ट्राली में भी मस्ती करने लगे।औरतें उन बच्चों को डांट देती।बच्चे कुछ देर सहम जाते फिर मस्ती करने लगते ।कोई घंटे भर बाद हम वहां पहुंच गए जहां काम चल रहा था।पहले आदमी उतरे ।फिर औरतों ने बच्चे आदमियों को थमाए और अंत में वे भी उतर गई।बस ,इसी उतरा उतरी में मैं जो बहुत छोटा था प्लास्टिक का टब उठाकर मेरे बाप की तरफ बढ़ाने लगा जो ट्राली पर खड़ा था। हमने देखा एक आदमी ने अपना वाहन रोका और मोबाइल निकाल कर बड़ी फुर्ती से फोटो लिया और चला गया।हम समझ ही नहीं पाए कि आखिर यह माजरा क्या था,वह आदमी कौन था,उसने



हमारा फोटो क्यों लिया? हमारे पास ज्यादा वक्त नहीं था इस तरह की मगजमारी का।लिहाजा सारे मर्द और औरतें अपनी मजदूरी पर लग गए थे। अगले दिन हमने देखा कि वहीं आदमी हमारी बस्ती में आ गया था जिसने कल तस्वीर निकाली थी।अब तो हम सब किसी होनी अनहोनी की आशंका से ग्रस्त हो गए थे कि क्या पता क्यों यह हमारी बस्ती में आया है।उसने आती ही सामने बैठी भुवन काका से बात की ,वे उसे लेकर हमारी टपरी तक ले आए।उस आदमी ने बताया कि वह एक पत्रकार है और उसने उस लम्हे की फोटो निकाली थी जब मैं मेरे बाप की तरफ टब बढ़ा रह था।उसने फ्रेम की हुई वह तस्वीर मेरे पिताजी को दी साथ में वह अखबार भी दिया जिसमें यह तस्वीर भी छपी थी। हम सब यह सब देख बहुत खुश हुए थे।मेरी मां ने तुरंत जैसी भी चाय बना कर उस को गिलास में दी।उसने बड़ी ही खुशी - खुशी चाय पी ।फिर हमसे बात करने लगा कि, देखो छोटे बच्चों को मजदूरी पर साथ ले जाते हो उतना भर तो जरूरी है।मगर बच्चे जैसे ही पढ़ने की उम्र के हो जाएं उन्हें स्कूल।में भर्ती कराना जरूरी है।बच्चे पढ़ेंगे तो तरक्की करेंगे।उनमें समझ बढ़ेगी ।वे अपना भला बुरा समझेंगे अपने अधिकारों को समझेंगे। अज्ञान के अंधेरे से बाहर निकलेंगे।आज भले ही अपना न हो मगर कल हमारा अपना होगा।बच्चों का भविष्य उज्जवल होगा और आपका बुढ़ापा सुरक्षित होगा। और आप जिस सुखद सुबह के इंतजार में इतनी मेहनत कर रहे हो वह सुबह कभी तो आएगी और जरूर आएगी। अब वह हमारे लिए अजनबी ना रहा।हम सब उसे विदा करने हमारी बस्ती से बाहर तक गए आज मैं खुद पढ़ लिख कर अपने पैरों पर खड़ा हो गया हूं।मेरे ही नहीं हमारे बस्ती के कई रहवासियों के जीवन में वह सुबह आ गई है।माता पिता तो स्वर्ग सिधार गए हैं।वह तस्वीर आज भी मेरे घर के अगले कमरे में दीवार पर टंगी हुई है।मैं जानता हूं उस तस्वीर की एहमियत जिसकी वजह से हमारे जीवन में नई सुबह जो आई थी।

**रमेशचंद्र शर्मा,**
**स्वतंत्रलेखक एवं पत्रकार,42,**
**बहादुरगंज,उज्जैन मोबाईल**
**8989711959**

## श्री माहेश्वरी एलीट ग्रुप का शुभारंभ



इंदौर। श्री माहेश्वरी समाज के नए कपल क्लब माहेश्वरी एलीट ग्रुप की स्थापना दीप प्रज्वलन के साथ की गई। ग्रुप के संस्थापक मदन अर्चना मुंदड़ा ने बताया कि तारा कुंज गार्डन मैं 51 कपल के साथ प्रथम मीटिंग का आयोजन किया गया। सभी सदस्यों ने मिलकर देशभक्ति गीत गाकर राष्ट्र भक्ति प्रदर्शित की।

ग्रुप की मौज मस्ती की शुरुआत के तहत विभिन्न गेम्स एवं क्विज खेल कर कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम में विशेष रूप से समाजसेवी श्री रविंद्र जी पुष्पा जी राठी उपस्थित थे। ग्रुप द्वारा पूरे वर्ष भर में 6 कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें एक कार्यक्रम इंदौर से बाहर आयोजित किया जाएगा। मनोरंजन गेम्स में गिफ्ट वितरित किये गये। ग्रुप द्वारा अति शीघ्र 101 कपल कपल के साथ अगली पार्टी पूल पार्टी के रूप में करना तय। आभार ओम प्रकाश कल्पना बजाज ने माना।

## प्राइमसिटी में रांगोली प्रतियोगिता का आयोजन



इंदौर। विधायक रमेश मेंदोला के नेतृत्व में विधानसभा-2 वार्ड 27 में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर जी की 300बी जन्म शताब्दी के शुभावसर पर रांगोली प्रतियोगिता का आयोजन प्राइमसिटी में किया गया। प्रतियोगिता में पार्षद सभापति श्री मुन्नालाल यादव जी ने दीप प्रज्वलित किया और सभी प्रतियोगियों को आकर्षक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम प्रभारी दीपा श्रीवास्तव जी ने किया।

कार्यक्रम का संचालन मनोज बांगर जी ने किया इस अवसर पर पार्षद सभापति श्री मुन्नालाल यादव जी, युवा नेता श्री अंकित यादव जी, मंडल अध्यक्ष श्री पिंटू चौधरी जी, मंडल महामंत्री दीपा जी श्रीवास्तव - जीतू जायसवाल जी मंडल उपाध्यक्ष रंजना यादव जी - श्रीकांत श्रीवास जी ,मंडल मंत्री मनोज बांगर - सुनीता चौहान जी कार्यालय मंत्री चिंतामड़ जी वार्ड अध्यक्ष रवि पार्गीर जी, अंकेश बरुआ जी वरिष्ट मोहन लाल सैनी जी- पवन गौर जी, सुषमा पटेल जी, हेमलता यादव जी ,राजेश मिमरोट जी, छगन सोनी जी, राजीव श्रीवास्तव जी शेखर दा जी सहित मंडल के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, प्रतिभागियों एवं रहवासियों की गरिमामई उपस्थिति रही

## पूर्वी क्षेत्र माहेश्वरी समाज द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में हुआ समाज के विधायकों का सम्मान

इंदौर। माहेश्वरी समाज दान, गौ सेवा, धर्मशाला बनाने, शैक्षणिक सहायता करने तथा स्वास्थ्य के लिए सहयोग देने, इन सबमें सबसे अग्रणी है लेकिन समाज के जो परिवार पीछे रह गए हैं, उन्हें बराबरी में लाकर खड़ा करने का असली दायित्व समाज का है। समाज को ऐसे परिवारों की चिंता करनी चाहिए।

यह बात चिमूर महाराष्ट्र के विधायक कीर्ति भांगड़िया बंटी ने माहेश्वरी समाज पूर्वी क्षेत्र द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में कही। आपने कहा कि राजनीति में समाज के कम प्रतिनिधित्व का कारण हमारी जनसंख्या नहीं बल्कि हमारी काम करने की शैली है। मैं जिस क्षेत्र से तीसरी बार विजयी हुआ हूं उस विधान सभा में समाज के मात्र दस घर हैं। आप जितने लोकप्रिय होंगे, लोगों का काम करेंगे तो आपको अनदेखा नहीं किया जा सकेगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनासा विधायक माधव अनिरूद्ध मारू ने कहा कि हमारा समाज पहले नौकरी देने के लिए जाना जाता था लेकिन समाज के युवा खुद नौकरी के चक्कर में पड़ गए है। हमारे परिवार एकल होते जा रहे हैं जिससे व्यापार संभालने के लिए काम कम पड़ रहे हैं।

आपने समाज की घटती हुई जनसंख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह इस पीढ़ी का ज्वलन्त विषय है, यदि हमने अभी चिंता नहीं की तो कुछ वर्षों में हमारे समाज के लुप्त होने का खतरा सामने खड़ा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महासभा के निवृतमान सभापति श्याम सोनी ने कहा कि हमारा समाज भगवान महेश की संतान है और कई विशिष्टताएं लिए हुए है। महासभा के अर्थमंत्री राजकुमार काल्या ने कहा कि महासभा अपने जनप्रतिनिधियों का किस तरह उपयोग ले सकती है, इस बाबत अगली बैठक में विषय रखेंगे।

भंडारी रिसार्ट में संपन्न हुए इस गरिमामयी समारोह का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। पूर्वी क्षेत्र के अध्यक्ष संजय मानधन्या ने स्वागत भाषण दिया। सम्मान पत्र का वाचन स्वागताध्यक्ष गोविंद बेड़िया ने किया। अतिथियों का स्वागत ओमप्रकाश पसारी, प्रदीप ईनाणी ने किया तथा कार्यक्रम का संचालन मंत्री राकेश लखोटिया ने किया। इसके बाद विभिन्न संस्थाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

### कार्टून कोना..........




# मध्य प्रदेश में एक साथ जुड़ेंगी पांच एजेंसियां, 24 घंटे में मिलेगी एमएलसी रिपोर्ट

इंदौर। मप्र में क्रिमिनल जस्टिस से संबंधित पांचों एजेंसी अब एक साथ जुडने् जा रही हैं। पुलिस, प्रॉसिक्यूशन, कोर्ट, हॉस्पिटल और जेल को पोर्टल्स के माध्यम से एक साथ जोड़ा जा रहा है। खास बात यह है कि अब पुलिस और हॉस्पिटल के बीच मेडिकल परीक्षण रिपोर्ट महज 24 घंटे में उपलब्ध हो जाएगी। क्योंकि एमएलसी का पूरा प्रोसेस अब ऑनलाइन होने जा रहा है। जिससे एमएलसी की वजह से होने वाली देरी की समस्या पूरी तरह खत्म हो जाएगी।

**- अब क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में नही होगी देर**

**- पुलिस, प्रॉसिक्यूशन, कोर्ट, हॉस्पिटल और जेल को जोड़ा जा रहा पोर्टल्स के माध्यम से**

अधिकारियों ने बताया कि मुख्यालय भोपाल से एमएलसी के लिए नया सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है। मेडलएप यानी मेडिको लीगल परीक्षण एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट सिस्टम नाम का यह सॉफ्टवेयर एमएलसी फीडिंग के काम में लिया जाएगा, जिससे पुलिस विभाग के सभी थाने जोड़े गए हैं। अब ऑफलाइन की जगह इसी सॉफ्टवेयर में एमएलसी की रिपोर्ट अस्पताल द्वारा भरी जाएगी। जो 24 घंटे में संबंधित थाने तक पहुंच जाएगी और पुलिस अधिकारी उसे डाउनलोड कर केस में अग्रिम कार्रवाई कर पाएंगे। यह नई व्यवस्था ऑफलाइन एमएलसी की प्रक्रिया से होने वाली देरी की समस्या को खत्म कर देगी।

### ई-समन के साथ ही एमएलसी भी होगी सॉफ्टवेर में लोड

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि अब न्याय प्रणाली के पांचों एजेंसियां पुलिस, लोकाभियोजन, जेल, कोर्ट और अस्पतालों के बीच बेहतर तालमेल बैठाने के लिए एजेंसियों के सभी पोर्टल सेंट्रलाइज किए गए हैं।

अब कोर्ट द्वारा कोई समन जारी करने पर यह ई-समन जारी होगा। पुलिस उसे इलेक्ट्रॉनिकली तामील कराएगी। इसके बाद वह वापस कोर्ट में चला जाएगा।

### ऑनलाइन हो सकेगी एमएलसी की फीडिंग

इसी तरह मेडलएप पोर्टल के जरिए भी पुलिस द्वारा थाने में ऑनलाइन एमएलसी भारी जाएगी। जब पुलिस कर्मचारी पीड़ित को अस्पताल जांच के लिए ले जाएगा तब डॉक्टर भी एमएलसी ऑनलाइन फीड करेंगे, जो थाने को ऑनलाइन ही प्राप्त हो जाएगी। ऐसे में जो मेडिकल रिपोर्ट्स की वजह से देरी होती है और इन्वेस्टीगेशन में ज़्यादा समय लगता है उसकी अवधि कम हो जाएगी।

### क्रिमिनल जस्टिस के लिए महत्वपूर्ण कदम

इस तरह टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से अब समन और वारंट इलेक्ट्रॉनिकली तामील होंगे। मेडिकल रिपोर्ट भी इलेक्ट्रॉनिकली मिल सकेगी। फॉरेंसिक रिपोर्ट्स और एफएसएल रिपोर्ट्स भी ऑनलाइन होगी, जो आईसीजीएस पोर्टल में कोर्ट भी देख सकता है और पुलिस भी डाउनलोड कर सकती है। इस तरह अब पांचों एजेंसियां एक ही पोर्टल पर आ गई है। हालांकि, इस पोर्टल के रनिंग में कहां-कहां कठिनाई आ रही है, इस संबंध में भी पांचों विभागों के अधिकारियों ने बैठक कर चर्चा की है। इस तरह टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर आने वाले समय में क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में होने वाले डिले को कम किया जा सकेगा।

### पुलिसवालों को नहीं लगाने पड़ेंगे अस्पतालों के चक्कर

भारत में पुलिस विभाग ने अपराधों की जांच प्रक्रिया को तेजी और पारदर्शिता प्रदान करने के लिए एक नई पहल शुरु की है। अब पुलिस कर्मियों को मेडिको लीगल रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए अस्पतालों के नहीं काटने पड़ेंगे। यह सुविधा अब केवल एक क्लिक पर, यानी डिजिटल माध्यम से उपलब्ध होगी।

पिछले समय में पुलिस को एमएलसी रिपोर्ट प्राप्त करने में कई हफ्ते या महीने लग जाते थे, जो जांच प्रक्रिया में बाधा डालते थे। लेकिन अब मेडलीफ नामक सॉफ्टवेयर के जरिए ये रिपोर्ट 24 घंटे के भीतर संबंधित थाने तक पहुंच जाएगी। इस सॉफ्टवेयर को मुख्यालय भोपाल में तैयार किया गया है और इसे शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के थानों से अस्पतालों से जोड़ दिया गया है। इसका मतलब है कि पुलिस को रिपोर्ट लेने के लिए अस्पतालों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होगी। पुलिस अधिकारी बताते हैं कि लगभग हर दूसरे अपराध में एमएलसी रिपोर्ट की आवश्यकता होती है। बिना इस रिपोर्ट के जांच अधूरी मानी जाती है। अब मेडलीफ सॉफ्टवेयर से पुलिसकर्मियों का यह बोझ काफी हद तक कम हो जाएगा। जयपुर अस्पताल में एमएलसी प्रभारी वीरेन्द्र बाथम के अनुसार, इस पोर्टल में एमएलसी की फीडिंग ऑनलाइन होगी और सभी थानों को इसके साथ जोड़ा जाएगा।

पहले एमएलसी रिपोर्ट ऑफलाइन भरी जाती थी, जिसके कारण देरी होती थी, अब यह काम ऑनलाइन होने से रिपोर्ट 24 घंटे के अंदर संबंधित थाने में पहुंच जाएगी। इससे संबंधित सभी दस्तावेज और जरूटी जानकारियां समय पर आपस में साझा की जा सकेंगी। इस पहल से न्याय प्रक्रिया में पारदर्शिता और त्वरित निर्णय लेने की संभावना बढ़ेगी। अभी जो एप्लीकेशन चल रही है, उसमें सभी लोग ऑन बोर्ड हैं, लेकिन उपयोग में जो दिक्कतें आ रही हैं, उन्हें दूर करने के लिए बैठकें हो रही हैं।

# सुनील ठाकुर राजपूत समाज द्वारा सम्मानित

इन्दौर। महाराणा प्रताप जी की 484 जयंती के उपलक्ष्य पर समाजसेवी स्व श्रीमती साधना सिंह जी की पुण्य स्मृति में सर्व राजपूत समाज धार्मिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट द्वारा प्रदेश के राजपूत प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं व समाज सेवक व सेविका सम्मान समारोह का विशाल आयोजन आनंद मोहन माथुर सभागृह स्थित हाल में आयोजित किया गया। जिसमें प्रदेश भर के प्रतिभाशाली राजपूत युवाओं का सम्मान समारोह का



आयोजन किया गया।

तथा राजपूत समाज के 30 संगठनों का सम्मान किया गया। नेपाल में अंतराष्ट्रीय अवार्ड मिलने पर इंदौर के सुनील ठाकुर जो कि युवा समाजसेवी के रूप में देश भर में जाने जाते हे तथा तैराकी के राष्ट्रीय खिलाड़ी रह चुके हे। इस अद्वितीय उपलब्धि पर विशेष अतिथि सुरेश भदौरिया,मुख्य अतिथि मोहन सेंगर द्वारा सम्मानित किया।आयोजक किशोर सिंह पंवार और घनश्याम सिंह बघेल ने बताया कि राजपूत समाज की प्रतिभाओं का सम्मान समारोह का आयोजन विगत 4 वर्षो से लगातार किया जा रहा है,।आयोजन में रतन सिंह जी राजपूत (सोलंकी) , राम सिंह दिखित,ओर क्षत्रिय ओर क्षत्राणियां उपस्थित रही।

## शाह और देवड़ा के इस्तीफे की मांग करते कहा उन्होंने किया सेना का अपमान

इन्दौर। मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और केबिनेट मंत्री विजय शाह द्वारा भारतीय सेना और कर्नल सोफिया कुरैशी के संदर्भ में दिए शर्मनाक विवादित बयानों को लेकर प्रदेश कांग्रेस के एक्स सर्विसमैन विभाग ने उनके इस्तीफे की मांग करते हुए कहा है कि उन्होंने भारतीय सेना का अपमान किया है।

प्रदेश कांग्रेस एक्स सर्विसमैन विभाग के चेयरमैन रिटायर्ड मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव ने सेना पर मंत्रियों द्वारा दिए बयान पर भाजपा को आड़े हाथों लिया। उन्होंने मंत्रियों से इस्तीफे की मांग करते कहा कि कुछ दिन पहले भारतीय सेना ने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। फिर उनके हर हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया। यदि संघर्ष विराम न होता तो शायद 1971 की तरह इस बार भी हम पाकिस्तान का नक्शा बदल देते।

# सब बोझ को परमात्मा को देकर तनाव मुक्त रहना ही बुद्धिमानी है

## कोई भी नकारात्मक शब्द मन में गाठ बना लेते हैं, वही असाध्य रोग के रूप में बाहर आती है

इंदौर। वर्तमान समय मन का कमजोर होना, ज्यादा सोचने की आदत, पास्ट में जो बीता उसको भूल नहीं पाना ,किसी बात का भय सताना ,अनावश्यक बिना कारण चिंता करना ऐसे विचार हमारे शरीर में खरपतवार की तरह बढ़ते जा रही है जिसके कारण व्यक्ति की समस्याएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, मनोबल कमजोर होता जा रहा है , इसका प्रभाव हमारे शरीर के स्वास्थ्य पर भी पड़ता है।



चाहे हम अच्छी दवाई, भोजन ही क्यों नहीं ले रहे हैं फिर भी हम संपूर्ण रीति से स्वस्थ नहीं हो पाते है। कारण है हमारे नकारात्मक विचार, कमजोर सोच।जब कोइ नकारात्मक विचार बार बार मन में उठता रहता है या एक खास तरह की नकारात्मक परिस्थिति लम्बे समय तक बनी रहती है उस नकारात्मक संकल्प की मन में गांठ बन जाती है। किसी ने आप को क्रोध से कहा, तुम घटिया हो। आप ने इस बात को पकड़ लिया और मन में इसी शब्द से दुखी होते रहे और उन लोगो से बातो में या व्यवहार में टकराने लगे।आप किसी को बताते भी नहीं कि आप के इस बदले व्यवहार का कारण क्या है। मन का यह नकारात्मक शब्द एक गांठ का रूप ले लेता है। यह गांठ किसी न किसी बीमारी के रूप में फूटेगी। कोइ भी असाध्य रोग की जड़ कोइ नकारात्मक शब्द ही है जो आप के मन में गूंज रहा है। यह विचार जीवन जीने की कला के प्रणेता ब्रह्माकुमार नारायण भाई ने यातायात कंट्रोल ऑफिस में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति व तनाव मुक्त जीवन के लिए मेडिटेशन की उपयोगिता विषय पर ट्रैफिक पुलिस व स्टाफ को संबोधित करते हुए बताया कि बड़े लोग या महान संत सभी से सम्मान चाहते हैं। इतनी बड़ी दुनिया में कोइ न कोइ उनके विपरीत बोल देता है जिसे वह अपना अपमान समझ लेते हैं और अंदर ही अंदर आहत होते रहते हैं। बोलते बहुत अच्छा हैं परन्तु मन से अपमान की गांठ जाती नहीं।

कई लोग झूठे वादे भी करते हैं। उन्हे पता होता है यह कार्य पूरा होने वाला नहीं है। उनका यह झूट मन में कांटे की तरह चुभता रहता है, जिस से व्यक्ति के मन में अपमान, झूठ, लाचारी, निराशा, झूठे आरोप या कोइ और नकारात्मक बात मन में चलती रहती है। साधारण लोग शराब पीते है या दूसरे नशे करते है जिस के प्रभाव से यह दुःख कुछ समय के लिए समाप्त हो जाता है। कैसी भी विपरीत इमोशन हो, कोइ कुछ कह दें, वह शब्द को ईश्वर को समर्पित करके मन को हल्का बना देना है। दूसरा भोजन सात्विक होना चाहिए, तीसरा एक अच्छी गहरी नींद हमारे तनाव को कम करती है, चौथा प्रतिदिन जब भी उठे तो मेडिटेशन को मेडिसिंस के रूप में अपने जीवन में शामिल अवश्य करें। यही तनाव से मुक्त होने की सर्वश्रेष्ठ विधि है। जिससे हम काफी हद तक तनाव से मुक्त रह सकते हैं। राजयोग से हमारे विचारों में निखार आता है। कार्यक्रम के अंत में पूर्वी ट्रैफिक थाना इंचार्ज विजय कुमार शुक्ला जी ने बताया ने बताया कि हमारी गलत सोच, गलत दिनचर्या के कारण मन निर्बल, कमजोर होता जा रहा है, न चाहते भी हम गलत सोच लेते हैं जिससे हमारा शरीर रोगों का घर बन जाता है।

# सानंद गोष्ट सांगा प्रतियोगिता का फायनल 1 जून को

इंदौर। संस्कृति जतन प्रयास अंतर्गत आजी-आजोबा गोष्ट सांगा प्रतियोगिता की प्राथमिक फेरी विभिन्न स्थानों पर सफलतापूर्वक आयोजित हुई। सानंद न्यास के अध्यक्ष श्री जयंत भिसे एवं मानद् सचिव संजीव वावीकर ने बताया कि गोष्ट सांगा प्रतियोगिता का फायनल आगामी दिनांक 1 जून 2025, रविवार को स्थानीय जाल सभागृह सायं. 5 बजे होगा।



प्राथमिक फेरी के सेकडों सहभागियों में से प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजयी घोषित किये गये, जिनका सेमीफायनल होकर अंतिम फेरी हेतु 15 विजेता चुने गये। सौ. तन्वी अकोलेकर, सौ. शालिनी पावडे, सौ. योगिनी श्रृंगारपुरे, श्री दिलीप नजाण, सौ. स्वप्ना मुळे, द्वितीय श्री शशिधर पेंडसे, सौ. नीलिमा देशपांडे, सौ. ज्योत्स्ना शिंत्रे, श्री शिशिर खर्डेनवीस, सौ. चारूशीला पुराणिक, तृतीय - श्री मनीष भालेराव, श्री अविनाश शिवणकर, श्री सूर्यकांत मराठे, श्रीमती निशा देशपांडे, श्री मोरेश्वर गोखले, अपनी अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे।

फायनल में आये विजेताओं का कहानी सुनाने तरीका, हाव-भाव में सुधार हो सके इस हेतु सानंद न्यास की ओर से श्रीराम जोग, सो. मीनु पोतनीस, मुकुंद तेलंग, संजीव दिघे, सुभाष, देशपांडे, सतीश श्रोत्री, मनिषा भागवत, रविंद्र शिंत्रे, वैशाली फडके, पंकज वागळे, माधुरी खर्डेनवीस, नीलमाधव भुसारी, सतीश मुंग्रे, भाग्यश्री कामत, कृष्णा गोखले, को मार्गदर्शक (मेंटर) मनोनित किया गया।

कार्यक्रम में सभी प्राथमिक, उपांत्य फेरी के निर्णायक एवं समन्वयकों का सम्मान भी किया जायेगा।

फायनल के प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेताओं को चरित्र अभिनेता वरिष्ठ रंगकर्णी श्री अच्युत पोतदार प्रायोजित सुविख्यात साहित्यकार स्व. व. पु. काळे व स्व. वसंत पोतदार स्मरणार्थ %वसंत पुरस्कार% दी जायेगी।

स्पर्धा संयोजक सौ. रेणुका पिंगळे ने बताया कि दादा-दादी द्वारा संस्कारित करने वाली, व्यक्तिमत्व गढने वाली कहानियां सुनाने की परंपरा जाने कहा गुम हो गई। सानंद ने अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाह करते हुए इसी परंपरा को पूर्नजीवित करने के उद्देश्य से आजी-आजोबा की गोष्ट सांगा प्रतियोगिता का क्षेत्रवार आयोजन किया। इस आयोजन को आजी-आजोबा के साथ माता-पिता (जिन्हें आजी आजोबा से कहानियां सुन अपना बचपन याद आ गया) एवं बच्चों की ओर से इतनी सराहना मिली, की सानंद को अपने स्पर्धा आयोजन के उद्देश्य की सार्थकता लगने लगी।

कथा - कथन या कहानी यह संस्कार का सुलभ माध्यम है यह सभी संशोधक, विचारक मान्य कर रहे है एवं इसकी आवश्यकता रेखांकित कर रहे है इसी दिशा में सानंद का यह सार्थक प्रयास है।

अंतिम फेरी का आयोजन आगामी दिनांक-1 जून 2025, रविवार को स्थानीय जाल सभागृह में सायं. 5 बजे रखा गया गया है। फायनल स्पर्धा आयोजन में कहानियां सुनने के लिये सभी श्रोताओं को निःशुल्क एवं खुला निमत्रण दिया गया है।

# गौतमपुरा में पार्षद पति के घर दबिश से हड़कंप, शराब ठेकेदार के मैनेजर ने पुलिस के साथ दी रेड, विधायक ने पुलिस को लगाई फटकार

इंदौर। गौतमपुरा में भाजपा से जुड़े एक जनप्रतिनिधि के घर शराब की सूचना पर हुई दबिश ने पूरे क्षेत्र में सियासी और प्रशासनिक भूचाल ला दिया है। भाजपा पार्षद बबीता भाटी के पति अभय भाटी के घर पर रविवार को शराब ठेकेदार कंपनी के मैनेजर लक्की जायसवाल ने पुलिस के साथ मिलकर छापा मारा। हालांकि तलाशी के दौरान कुछ भी बरामद नहीं हुआ, लेकिन इस कार्रवाई ने भारी बवाल खड़ा कर दिया।

बताया जा रहा है कि अभय भाटी, स्थानीय भाजपा विधायक मनोज पटेल के करीबी माने जाते हैं और उन पर रंगवासा स्थित शराब दुकान में साझेदारी के आरोप हैं। वहीं, गौतमपुरा क्षेत्र में संचालित शिव बाबा फूड्स लिमिटेड के ठेकों को लेकर विवाद गहराता जा रहा है।

### कंपनी को मिली 'सूचना', फिर हुई कार्रवाई

शराब ठेकेदार कंपनी के पास सूचना पहुंची कि अभय भाटी के घर पर शराब का अवैध स्टॉक उतारा गया है। आरोप था कि भाटी, गौतमपुरा के विभिन्न मोहल्लों में शराब की आपूर्ति कराते हैं। इस सूचना पर ठेकेदार लक्की जायसवाल चार-पांच गाड़ियों में अपने सहयोगियों को लेकर सीधे गौतमपुरा थाने पहुंचा और थाना प्रभारी दीपक बघेल को साथ लेकर भाटी के घर दबिश दी गई।

### घर से कुछ नहीं मिला, लेकिन छिड़ा सियासी घमासान

भाटी के घर कुछ बरामद नहीं हुआ, मगर इस कार्रवाई से समर्थकों में आक्रोश फैल गया। मौके पर भीड़ जमा हो गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया। भाटी ने सीधे विधायक मनोज पटेल को फोन किया। विधायक ने तत्काल पुलिस अधिकारियों को फटकार लगाई और भाटी को निर्देश दिए कि ठेकेदार व उनके साथियों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराएं।

### थाने का घेराव, पुलिस पर मिलीभगत के आरोप

शिकायत दर्ज कराने जब अभय भाटी थाने पहुंचे, तो उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थक भी थे। थाने के बाहर प्रदर्शन किया गया और पुलिस पर ठेकेदारों के इशारे पर कार्रवाई करने का आरोप लगाया गया। भाटी का कहना है कि :मेरे घर में बिना किसी वैध कारण के दबिश दी गई, ठेकेदार के गुंडे घर में घुसे, पुलिस भी उनके साथ थी। यह पूरी कार्रवाई अवैध और दुर्भावनापूर्ण है।

### इन गांवों में खुलेआम शराब बिक्री के आरोप

इधर, सगड़ोद और चांदेर गांवों में आबकारी विभाग व पुलिस की मिलीभगत से शराब की खुलेआम बिक्री का आरोप है। आरोपियों में आलोक जादौन, राजकुमार पटेल बिजूर, नितिन चौकसे और अनिल मिश्रा के नाम सामने आए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस इन इलाकों में नजरें मूंदे हुए है जबकि कार्रवाई भाजपा नेता के घर पर की जा रही है।

### सीसीटीवी फुटेज दबा, लेकिन कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं

बताया जा रहा है कि भाटी के घर पर हुई दबिश की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो चुकी है। कुछ लोगों ने मोबाइल से वीडियो भी बनाए, लेकिन कोई भी सार्वजनिक रूप से बयान देने को तैयार नहीं है।

फुटेज भी जारी नहीं किए जा रहे। सब यही कह रहे हैं कि मामला उज्जैन से जुड़ा है और जांच चल रही है।

### पुलिस का बचावः ढाबों से शराब बरामद, घर से नहीं

गौतमपुरा पुलिस का कहना है कि उन्हें शराब उतरने की सूचना मिली थी, इसलिए जांच की गई। भाटी के घर से कुछ नहीं मिला, लेकिन भोई मोहल्ला और कुछ ढाबों से शराब जब्त की गई है। मामले की जांच जारी है और जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## श्री खजराना गणेशजी को महेश नवमी उत्सव का पहला निमंत्रण



इन्दौर। श्री खजराना गणेश मंदिर में पहुंच महेश नवमी उत्सव समिति के सदस्यों ने श्री खजराना गणेश को माहेश्वरी समाज के उत्पत्ति दिवस महेश नवमी पर्व के उत्सव का प्रथम न्यौता दिया। आयोजन में शहर की कई प्रसिद्ध एवं गणमान्य विभूतियां शामिल होंगी।

इस उत्सव के दौरान अनेक आयोजन किए जाना है जिसमें माहेश्वरी संस्कृति मंच द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम इंडियाज गॉट टेलेन्ट सीजन-5 की विजेता नादयोग गुरुकुल की निर्देशक गुरु डॉ. रागिनी मक्खर के निर्देशन में 25 कलाकारों से अधिक की टीम द्वारा प्राचीन परंपरा से वर्तमान तक की विशेष नृत्य प्रस्तुति गोल्डन एरा ऑफ बॉलीवुड दी जाएगी।

## अस्पताल को एम्बुलेंस व अन्य उपकरण भेंट किए



इन्दौर। नवजात बच्चों के आंखों के इलाज के लिए आरओपी उपकरण और एम्बुलेंस रोटरी क्लब मेघदूत द्वारा ट्रस्ट के अस्पताल को भेंट किए। इसमें सहयोग रोटरी क्लब रुपन्देही, नेपाल रोटरी डिस्ट्रिक्ट और रोटरी फाउंडेशन ने किया। इस दौरान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनीश मलिक, डॉ. रितु ग्रोवर, सुशील मल्होत्रा आदि उपस्थित रहे। अध्यक्ष मनीष शर्मा ने सभी उपस्थित लोगों और परियोजना समर्थकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## जेएसएसजी ग्रुप प्राइम की साधारण सभा सम्पन्न



इन्दौर। जेएसएसजी ग्रुप प्राइम के अध्यक्ष मनोज आशा जैन के नेतृत्व तथा निवृत्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र प्रभा संचेती के मार्गदर्शन में जेएसएसजी ग्रुप प्राइम की साधारण सभा सम्पन्न हुई। सभा के बाद सदस्यों ने फिल्म का आनंद लिया एवं फोटोग्राफी की। सभा को सफल बनाने में बहादुरसिंह धाकड़, पवन चोरड़िया, उपाध्यक्ष तेजसिंह मारू, मनोहर मेहता, एकता नीलेश, विजय कोचर, अनिल कीमती, मानसिंह मेहता, किरण सिरोलिया, निर्मल पगारिया, राजेन्द्र गाँधी, बसंत बापना एवं सारिका मेहता ने भी सहयोग दिया।

## प्राचीन पंचदेव मंदिर पर अखंड सौभाग्य की कामना के साथ वट सावित्री व्रत पूजन



इंदौर। सार्वजनिक प्राचीन पंचदेव मंदिर एमआइजी कॉलोनी इंदौर पर आज अखंड सौभाग्य प्रदान करने वाला वट सावित्री व्रत ज्येष्ठ महीने की कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को, बड़ी संख्या में मातृशक्ति द्वारा अपने पति की दीर्घायु जीवन स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना के साथ विधि विधान पूर्वक वट वृक्ष के पूजन जल, फल ,फूल, दीप प्रज्वलन के साथ धूप, मिठाई अर्पण एवं कच्चे सूत को लपेटकर परिक्रमा करते हुए, गुरु मां मुख्य पुजारी पंडित रमा दीदी के मुखारविंद से कथा श्रवण के साथ, श्रद्धापूर्वक पूर्ण किया। तीर्थराज का छत्र के रूप में विराजमान वट वृक्ष के नीचे बैठकर वट, सावित्री पूजन एवं कथा के बाद सिंदूर लगाकर एवं भीगे चने का प्रसाद सासू मां और अन्य वरिष्ठ मातृशक्ति परिजनों को दिया गया।

## कार्टून कोना..........




## शिक्षकों की अतिशेष प्रक्रिया के विरोध में अपाक्स संघ ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा



इंदौर। प्रदेश में शिक्षकों की नियम विरुद्ध अतिशेष प्रक्रिया को लेकर मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग अधिकारी कर्मचारी संगठन ( अपाक्स ) ने प्रदेश व्यापी आह्वान पर संगठन के संरक्षक श्री हरीश बोयत एवं संगठन के जिलाध्यक्ष श्री रमेश यादव की अगुवाई में मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी श्री गोपाल वर्मा को सौंपा। मीडिया प्रभारी एवं पुरानी पेंशन बहाली संघ के जिलाध्यक्ष दिनेश परमार ने बताया कि ज्ञापन में आरटीई 2009 के अधिकार अधिनियम एवं सामान्य प्रशासन की नीति के विरुद्ध शिक्षकों की युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया पर दीर्घकाल के लिए रोक लगाए जाने की मांग माननीय मुख्यमंत्री से की है। इस अवसर पर मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री हरीश बोयत, अपाक्स जिलाध्यक्ष रमेश यादव, नगर अध्यक्ष संदीप धौलपुरे, शासकीय शिक्षकसंगठन के जिलाध्यक्ष प्रवीण यादव, संभागीय अध्यक्ष श्री आनंद हार्डिया, सांवेर ब्लॉक अध्यक्ष मनोहर परमार, प्रशांत शास्त्री, संतोष पूंडलिक उपस्थित थे।

## अनुसूचित जाति के परिवार को आर्थिक सामाजिक और राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के लिए हुई चर्चा

इन्दौर। अठारह राज्यों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित एक बैठक में सफाई कर्मचारियों और उनके परिवारों के सामाजिक आर्थिक उत्थान के लिए राष्ट्र व्यापी योजना बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक को भाजपा अनुसूचित जाति जनजाति के प्रभारी तरुण चुघ ने संबोधित किया। दलित महापरिषद के संयोजक प्रताप करोसिया के अनुसार इस बैठक में मंत्री मनोहर लाल खट्टर, वीरेंद्र खटीक, अशोक मीना, उमेश पिपरे, मधु वाल्मीकि, कल्पेश वाघेला, वृंदावन खोड़ा, किस्मत कुमार सहित विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान अनुसूचित जाति के परिवार को आर्थिक सामाजिक और राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के लिए सार्थक चर्चा की गई।

## संगीत की सुहानी शाम आयोजित



इंदौर । एस आर एस डांस एंड म्यूजिक एकेडमी द्वारा संगीत प्रेमियों के लिए संगीत की सुहानी शाम आयोजित की गई। आयोजिका , एस आर एस स्टूडियो की संचालिका राधिका बबेरिया एवं स्टूडियो के संगीत शिक्षक राजेश चतुर्वेदी सर ने बताया कि हमारी क्लास के संगीत विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए यह आयोजन किया गया जिससे वे अपनी प्रतिभा को निखार कर अपना नाम रोशन कर सकें।

इस अवसर पर विशेष अतिथि मध्य प्रदेश की पहली महिला सैक्सोफोन प्लेयर मनीषा यादव उपस्थित थीं जिन्होंने सैक्सोफोन पर शानदार गीतों को प्रस्तुत किया जिसका हाल में उपस्थित संगीत प्रेमियों ने नाच गाकर काफी आनंद लिया। अन्य गायक गायिकाओं में भावना खरे, सुरेश मालवीया, वंदना मालवीया, राजेंद्र बबेरिया, शोभित, सीमा निगम, हुसैना, रुपिंदर सिंह, लोकेश तिवारी, आशीष वाकटे, गीता मल्होत्रा, राजेश विजयवर्गीय नम्रता, सीमा पापड़ीवाल ,राजन फर्डनिस ,इंद्रजीत सिंह एवं हरचरण सिंह राजपाल ने एक से बढ़कर एक गीतों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सीमा निगम ने किया।

## रितु छाबड़ा ने गौशाला में गौ माता की सेवा की



इंदौर। सिद्ध प्राचीन श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर एवं गौशाला के 108 महंत श्री रघुनाथ दास जी महाराज के अवतरण दिवस पर मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष रितु छाबड़ा ने गौशाला में गौ माता की सेवा की। और महंत जी को ओपन्ना ओढाया मुंह मीठा कराके राम दरबार भेंट किया । महंत जी ने रितु छाबड़ा को प्रशंसा पत्र देकर उनके कार्यों की प्रशंसा की महंत जी ने सभी साथियों सचिन तनेजा विशाल सिसोदिया संगीता आहूजा भारती जैसवाल मुनमुन, खुशबू जरखारिया डॉ सुधा दुबे रमेश कांचा महेंद्र राजपूत दीपक चौहान एडवोकेट भारत तिवारी जितेंद्र उपाध्याय सचिन शर्मा इन सभी को आशीर्वाद दिया और सभी के उज्वल भविष्य पांच मुखी हनुमान जी से कामना की।

## देवी अहिल्या नारी गौरव अलंकरण से सम्मानित होगी विभिन्न समाजों की 24 महिलाएं

इंदौर। लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर की स्मृति में सत्कार कला केंद्र का 14 वां देवी अहिल्या नारी गौरव अलंकरण समारोह - 2025 का आयोजन 31 मई को शाम 5.30 बजे जाल सभागृह में होगा।



यह जानकारी देते हुए संस्था अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र दिल्लीवाल एवं महासचिव कैलाश मुंशी ने बताया कि समारोह में विभिन्न समाजो की 24 महिलाओ को देवी अहिल्या नारी गौरव अलंकरण से सम्मानित किया जायेगा।

संस्था के संगठन मंत्री पुरुषोत्तम वाघमारे ने बताया कि इस समारोह की मुख्य अतिथि होंगी।

राष्ट्रीय महिला आयोग सलाहकार समिति की पूर्व सदस्य नागपुर से डॉ. मनीषा कोठेकर एवं अध्यक्षता करेगी प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सरिता राव। समारोह की विशेष अतिथि डेली कॉलेज बिजनेस मैनेजमेंट की प्राचार्य डॉ. सोनल सिसोदिया होगी।

संस्था के उपाध्यक्ष विजय पारेख ने बताया कि सभी 24 महिलाओ को मोती की माला और आकर्षक मंजूषा प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया जायेगा।

## मैथिल, पूर्वोत्तर समाज की सुहागिनों ने अखण्ड सौभाग्य के लिये की वट सावित्री की पूजा





इंदौर। चलू सखी हिलिमिली करे बारितिया, पूजब आजु बरसाइत हे। जनम-जनम धरि रहब सौभागिन, आँचर रहे अहिवात हे। मैथिली लोकगीतों की मधुर स्वरलहरियों के बीच आज इंदौर में मैथिल और पूर्वोत्तर समाज की सुहागिन महिलाओं ने अपने पतियों की दीर्घायु, अच्छे स्वास्थ्य और अखंड सौभाग्य की कामना के साथ वट सावित्री पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस पावन अवसर पर नवविवाहिताओं और सुहागिनों ने पारंपरिक परिधानों और श्रृंगार के साथ बांस की डलिया में पूजन सामग्री लेकर वट वृक्ष की विधि-विधान से पूजा की।

### सोमवती अमावस्या ने बढ़ाया पर्व का महत्व

आज सोमवती अमावस्या होने के कारण वट सावित्री पूजा का विशेष धार्मिक महत्व रहा। सुबह से ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाली मैथिल, भोजपुरी और पूर्वोत्तर समाज की महिलाओं के घरों में तैयारियों का दौर शुरू हो गया था। बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड और अन्य राज्यों से इंदौर में बसी इन महिलाओं ने व्रत रखकर और पवित्र स्नान के बाद नजदीकी वट वृक्षों के पास पूजा-अर्चना की।

### वट वृक्ष की पूजा और परिक्रमा

महिलाओं ने वट वृक्ष के चारों ओर कच्चे सूत के लाल धागे को सात बार लपेटते हुए परिक्रमा की और पके आम, लीची, मिठाई, भीगे चने, पान और मौसमी फलों का भोग अर्पित किया। पूजा के दौरान वट सावित्री की कथा का श्रवण और वाचन भी किया गया, जिसमें सावित्री की भक्ति और तपस्या की गाथा ने सभी को प्रेरित किया।

### पंखे से दी शीतलता, पति का किया सम्मान

इंदौर की सखी बहिनपा मैथिलानी समूह की रितु झा और शारदा झा ने बताया कि मैथिल और अन्य समाज की सुहागिनों ने वट वृक्ष को बांस के बने बीयेन (पंखा) से हवा देकर शीतलता प्रदान की और पेड़ का आलिंगन किया। इसके बाद व्रती महिलाओं ने अपने पतियों के चरण धोकर और उन्हें पंखे से हवा देकर उनका सम्मान किया। बट सावित्री के पूजा हेतु शहर के मैथिल समाजी की संस्था - मैथिली सामाजिक मंच द्वारा समाज की महिलाओं में बिहार से मंगा कर बांस से बने हाथ के पंखे का वितरण किया।

### आधुनिकता के साथ परंपराओं का संगम

इस बार पर्व में आधुनिकता और परंपराओं का अनूठा संगम देखने को मिला। कई युवा नवविवाहिताओं ने सोशल मीडिया पर अपनी पूजा की तस्वीरें और वीडियो साझा किए, जिसमें पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाएं वट वृक्ष की पूजा करती नजर आईं। शहर के प्रमुख स्थानों जैसे तुलसी नगर, सुखलिया, निपानिया एवं अन्य क्षेत्रों में बने पार्कों और मंदिर परिसरों में वट वृक्षों के पास महिलाओं की भीड़ देखी गई। आज तुलसी नगर स्थिअनंतेश्वर तथा माँ सरस्वती धाम में भी बड़ी संख्या में सुहागिनों ने बट सावित्री की पूजा की।

### पर्यावरण संरक्षण का संदेश

पूर्वोत्तर सांस्कृतिक संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर जगदीश सिंह तथा महासचिव के के झा ने ने कहा, वट वृक्ष की पूजा न केवल हमारी सांस्कृतिक परंपरा का हिस्सा है, बल्कि यह हमें प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और उसके संरक्षण का संदेश भी देता है। शहर के क्षेत्रों में महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा का आयोजन किया। इस दौरान मैथिली और भोजपुरी लोकगीतों ने माहौल को और भी भक्तिमय बना दिया। पूजा के बाद महिलाओं ने एक-दूसरे को प्रसाद वितरित किया और सौभाग्य की कामना के साथ पर्व को सम्पन्न किया।

के के झा ने कहा कि वट सावित्री पर्व ने न केवल इंदौर में बसे मैथिल और पूर्वोत्तर समाज की सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत किया, बल्कि सामाजिक एकता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया।

## सम्राट पृथ्वीराज चौहान की 859 वीं जयंती मनाई



इन्दौर। आईडीए के पूर्व अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा के मुख्य आतिथ्य तथा क्षेत्रीय पार्षद चौधरी के विशेष आतिथ्य में निरंजनपुर चौराहा स्थित सम्राट पृथ्वीराज चौहान प्रतिमा स्थल पर सम्राट पृथ्वीराज चौहान की 859 वीं जयंती मनाई गई।

अतिथि स्वागत उत्सव समिति के अध्यक्ष मुकेशसिंह चौहान ने किया। इस अवसर पर राजपूत समाज चेतना मंडल के संयोजक रतन सिंह राजपूत, अध्यक्ष गजराज सिंह सोलंकी अभा युवा युवा क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष पप्पू ठाकुर, पार्षद राजू भदोरिया, पूर्व पार्षद जितेंद्र बुंदेला, करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिंह गौतम आदि ने भी अपना उद्बोधन दिया।

## लोकमाता के आदर्शों को किया नमन



इंदौर। लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी वर्ष जयंती के उपलक्ष्य में इंदौर स्थित राजवाड़ा महल का भ्रमण किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद, शाजापुर के अध्यक्ष जितेन्द्र देवतवाल ज्वलंत ने कहा, लोकमाता अहिल्याबाई न केवल एक कुशल प्रशासिका थीं, बल्कि वे भारतीय संस्कृति की सजीव प्रतिमा थीं। यात्रा में शामिल रहे शाजापुर के दबंग हिन्दू सेना के जिलाध्यक्ष युवा गायक श्री संदीप गोस्वामी ने लोकमाता पर आधारित भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय कर दिया। साथ ही वैभव शर्मा ने यात्रा संयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

## मालवी रचनाओं की प्रस्तुती ने नौ तपे में शितलता का एहसास कराया




इंदौर। नौ तपे के पहले दिन मालवी जाजम की बैठक नीम के पेड़ की छाँव के नीचे आयोजित की गई। मालवी कवियों ने गीत गजल सुनाकर शितलता का एहसास कराया।

मुकेश इन्दौरी ने मालवी गजल- घाम पड्यो ऐसो आग बरसावे, छाँव मिले तो मन हरसावे, नीम पीपल की छाँव कटे, मिली जाय तो जीव में जीव आवे...सुनाकर पुराने पेड़ों की हो रही कटाई की ओर इशारा किया। डॉ. शशि निगम ने-आयो नौतपो घणो तपवा लाग्यो, सब जीव तड़पे सगला हुईरिया बेहाल हो, लू की लपट घणी चाले हो, दपोरिया में कदी मती जाओ, अपणे लू से बचाओ। नलिन खोईवाल- सूरज ल्हाके लाय का गोला जद नौ तपो आवे है। कुसुम मंडलोई, नंदकिशोर चौहान, अनिल ओझा, व्रजेन्द्र नागर, सुभाष निगम ने भी काव्य पाठ किया।

## प्याज के भाव 20 किलो दिलाए जाने के लिए प्रदर्शन किया जाएगा

इंदौर। प्याज के भाव 20 किलो दिलाए जाने की मांग को लेकर 27 मई को दौपहर 12 बजे संयुक्त किसान मोर्चा के आव्हान पर देपालपुर तहसील कार्यालय पर किसानों द्वारा प्रदर्शन किया जाएगा।

उक्त जानकारी देते हुए संयुक्त किसान मोर्चा के बबलू जादव, चंदन सिंह बड़वाया, शैलेंद्र पटेल, रामस्वरूप मंत्री ने बताया कि इन दिनों मंडी में किसान का प्याज ?2 से ?5 किलो तक बिक रहा है इससे फसल की लागत भी नहीं निकल रही है ।

अपनी उपज मिट्टी के मोल बिकने से पूरे अंचल के किसानों में रोष है ।प्याज उत्पादन में प्रति कुंतल डेढ़ से ?2000 लागत आती है। जबकि वर्तमान में प्याज?200 क्विंटल में बिक रहा है जिसके चलते किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है ।

किसान नेताओं ने कहा है कि पूर्व में भी जब प्याज के भाव कम हुए थे तो मध्य प्रदेश की शिवराज सिंह सरकार ने भावांतर की घोषणा की थी जिससे किसानों को उम्मीद बनी थी कि मध्य प्रदेश की सरकार किसानों का नुकसान नहीं होने देगी।




# 75 वर्ष के वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान किया

इंदौर। अपना विचार मंच की छठी साधारण सभा स्थानीय उषाराजे परिसर, उषानगर में सम्मान संपन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे श्री नरेन्द्रकुमार ताम्बे (सेवानिवृत्त कृषि वैज्ञानिक, भारत सरकार) ने मंच के उन सदस्यों का शाल, श्रीफल एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मान किया, जिन्होंने 75 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है।




**सम्मानित सदस्य हैं:**

डॉ. सुभाष जैन, श्री एल. एन. राठी, श्री जगदीशचंद्र बंसल, श्री जयंत जटाले, श्री ओ. पी. तिवारी, श्रीमती मीनाक्षी जंजिरे, श्री मधुकर डी. बुधे एवं श्री प्रकाशचंद्र उपाध्याय। अपने उद्बोधन में श्री ताम्बे ने कहा कि :यह मंच के लिए गर्व का विषय है कि उसने अपने वरिष्ठजनों का सम्मान किया है। आज के समय में ब्लड प्रेशर एक सामान्य रोग बन चुका है। यद्यपि दवाओं से इसका उपचार संभव है, किंतु खुशनुमा जीवनशैली इसका स्थायी समाधान है। हमेशा हँसते रहिए, ठहाके लगाइए, और तनाव से दूर रहिए। किसी को ऐसा वचन न कहें जिससे उसे मानसिक आघात हो, क्योंकि कभी-कभी यही तनाव प्राणघातक सिद्ध हो सकता है। उन्होंने सम्मानित वरिष्ठजनों को स्वस्थ जीवन एवं शतायु होने की शुभकामनाएँ दीं।

इस अवसर पर मंच के हरफनमौला सदस्य श्री भालचंद्र चैतन्य को भी सम्मानित किया गया। उन्होंने दीर्घकालीन जल सेवा, निर्धनों को आवश्यक वस्तुओं का वितरण, तथा अनुपयोगी वस्तुओं से कलात्मक निर्माण जैसे विशिष्ट कार्य किए हैं, जो समाज के लिए प्रेरणास्पद हैं।

सभा के प्रारंभ में देवी सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मंच अध्यक्ष शंकरराव जाधव ने स्वागत उद्बोधन में मंच की गतिविधियों की जानकारी दी।

सचिव सत्यप्रकाश चौरसिया ने वार्षिक प्रतिवेदन एवं कोषाध्यक्ष विजय ढमढेरे ने आय-व्यय पत्रक का वाचन किया। अतिथि स्वागत शंकरराव जाधव, सत्यप्रकाश चौरसिया, बी. एल. तिवारी, हरीश उप्पल, विजय ढमढेरे, प्रवीण जैन एवं डॉ. मीनाक्षी गायकवाड़,गजेंद्र सोनी, द्वारा किया गया। केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त महेश ढालिया ने भी मुख्य अतिथि का स्वागत किया। अपनी गौसेवा समिति के अध्यक्ष हरीश उप्पल ने मंच को गाय का प्रतीक चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन बी. एल. तिवारी ने तथा आभार प्रदर्शन सत्यप्रकाश चौरसिया ने किया।

## इंटरनेशनल बर्गर डे पर बॉस बर्गर का लिमिटेड-पीरियड 50% डिस्काउंट पर

इंदौर। सोशल द्वारा पेश किया गया प्रीमियम बर्गर डिलीवरी ब्रैंड बॉस बर्गर इंटरनेशनल बर्गर डे के मौके पर खास ऑफर और ज़बरदस्त स्वाद के साथ जश्न मना रहा है। 28 मई को चुनिंदा बर्गर्स पर 50% तक की छूट सिर्फ स्विगी और ज़ोमैटो पर मिलेगी।



देश के 10 शहरों में उपलब्ध, बॉस बर्गर का मेन्यू शानदार फ्लेवर्स और बेहतरीन क्वालिटी के इंग्रेडिएंट्स के साथ तैयार किया गया है, जो बर्गर खाने का प्रीमियम अनुभव सीधे आपके दरवाजे तक पहुंचाता है।

**इस बर्गर डे पर इन फ्लेवर्स को जरूर आज़माएं**

बॉस बर्गर का मेन्यू स्वाद और मज़े का जबर्दस्त मेल है, जिसमें हर तरह की भूख और चाहत को पूरा करने वाले लज़ीज़ बर्गर्स शामिल हैं। सबसे आगे हैं उनके खास स्मैश बर्गर्स, जिनमें जूसी चिकन स्मैश बर्गर खास है। जो लोग स्वाद में थोड़ा और डूबना चाहते हैं, उनके लिए इसका डबल पैटी वेरिएंट भी मौजूद है। अगर आपको तीखा पसंद है, तो पेरी- पेरी ग्रिल्ड चिकन बर्गर जरूर ट्राय करें। इसमें मसालों की तेज़ झलक, मलाईदार गुआकामोली और कुरकुरी सब्ज़ियों का ज़बरदस्त संतुलन है।

शाकाहारी विकल्प भी कम नहीं हैं। चटपटे समोसालिशियस स्मैश बर्गर में मसालेदार आलू टिक्की के साथ पारंपरिक चटनियों का मज़ेदार मेल है, जो देसी स्वाद का शानदार अनुभव देता है। वहीं, पनीर चीज़ बॉम्ब बर्गर पैंको क्रम्ब्स में लिपटे पनीर, मोज़रेला चीज़ और ताज़ी सब्ज़ियों के स्वाद से भरपूर है, जिसे ना कहना मुश्किल है। बॉस बर्गर की डिलीवरी भारत के 10 शहरों में उपलब्ध है–दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु, चंडीगढ़, मुंबई, कोलकता, लखनऊ, इंदौर, देहरादून, पुणे और हैदराबाद। आज ही स्विगी या ज़ोमैटो पर ऑर्डर करें और बर्गर खाने का बेहतरीन अनुभव पाएं।

## माहेश्वरी युवा संघठन ने किया कार ट्रेजर हंट



इंदौर। महेश नवमी के उपलक्ष में इंदौर जिला माहेश्वरी युवा संगठन के तत्वाधान में श्री माहेश्वरी युवा संगठन मेघदूत क्षेत्र द्वारा कार ट्रेजर हंट का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत लगभग 25 से अधिक टीम विभिन्न थीम पर अपनी कार को सजाकर शामिल हुए। आयोजन में श्री अविनाश जी मोदानी और श्री नितेश जी मंत्री ने संयोजक की भूमिका निभाई।कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को इंदौर के विभिन्न स्थान को दिए गए प्रश्नों के माध्यम से पता लगाकर पहुंचना था। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के अलावा और भी कई श्रेणी में पुरस्कार रखे गए थे। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय सचिव श्री अर्पित जी दम्मानी ने किया। कार ट्रेजर हंट को संचालित करने में मुख्य भूमिका श्री सुनील जी माहेश्वरी और उनकी टीम द्वारा निभाई गई। पधारे हुए सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री पीयूष जी मालानी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री सत्यनारायण जी गदिया, श्री नरेंद्र जी मंत्री और श्री विनोद जी चौधरी (काबरा)शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों और अतिथियों ने खुले मन से इस कार्यक्रम की सराहना की

## गोदरेज एग्रोवेट ने लॉन्च किया नया पशु आहार उत्पाद - गोदरेज दौलत



इंदौर। गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड (गोदरेज एग्रोवेट) ने आज पशु आहार समाधान – गोदरेज दौलत के लॉन्च की घोषणा की। शहर में आज इसे आयोजित वितरकों की बैठक के दौरान लॉन्च किया गया, जो पशु उत्पादकता और प्रजनन स्वास्थ्य में सुधार करने में सहायक है। इससे किसानों की लाभप्रदता बढ़ेगी।

इंदौर का डेयरी उद्योग, जिसमें 60,000 से अधिक पंजीकृत दूध उत्पादक हैं और प्रतिदिन 12-12.5 लाख लीटर दूध का संग्रह होता है, मौसमी उतार-चढ़ाव और बढ़ती लागत जैसी चुनौतियों का सामना करता है। उच्च गुणवत्ता वाला पशु आहार उत्पादन को बनाए रखने, पशुओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और गर्मी के तनाव से निपटने के लिए आवश्यक है। महाराष्ट्र में उन्नत शोध और सफलता के आधार पर गोदरेज दौलत पौष्टिक, वैज्ञानिक रूप से तैयार किया गया चारा उपलब्ध कराता है, जिससे किसानों को उत्पादकता बढ़ाने और डेयरी उत्पादों की बढ़ती मांग को स्थायी रूप से पूरा करने में मदद मिलती है।

## मल्हारगंज तहसील मुख्यालय भवन साल भर से बनकर तैयार इसके बाद भी चालू नहीं

इंदौर। किसान नेता हंसराज मंडलोई एवं जितेंद्र सिंह डाबी ने अपनी संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि मल्हारगंज तहसील से जुड़े हुए गांव के लिए कितनी विडंबना है की तहसील की घोषणा हुए कई साल गुजर गए इसके बाद भी 20 गांव के निवासियों एवं लाखों रहा वासियों को अपने काम के लिए कई किलोमीटर का चक्कर लगाकर कलेक्टर कार्यालय जाना पड़ता है इससे किसानों को समय के साथ पैसे की भी बर्बादी होती है।

किसान वीरेंद्र सिंह चावड़ा एवं बड़ा बांगड़दा के संतोष सुनेर कहते हैं कि मल्हारगंज तहसील कार्यालय का भवन साल भर से बनकर तैयार हो गया है इसके बाद भी इसका शुभारंभ नहीं किया गया है इसके कारण ग्रामीण परेशान हो रहे हैं।

इन्हीं सब बातों को लेकर दिनांक 27 मई वार मंगलवार को समय सुबह 10॰00 बजे मल्हारगंज तहसील से जुड़े हुए गांव बड़ा बांगड़दा पलाखेड़ी लिंबोदा गारी बरदारी भंवरासा रेवती बरदारी नैनोद कॉमेडी भानगढ़ आदि गांव के किसान कलेक्टर कार्यालय पर इकट्ठा होंगे और ज्ञापन देंगे। किसान नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने मल्हारगंज तहसील से जुड़े हुए सभी गांव के किसानों को ज्यादा से ज्यादा कल कलेक्टर कार्यालय पर पहुंचने की अपील की है।

## सिका कॉलेज में इंटनरनेशनल कांफ्रेंस आज से देश-विदेश के 180 स्कॉलर पढ़ेंगे रिसर्च पेपर

इंदौर। सिका कॉलेज में 27 और 28 मई को इंटरनेशनल कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। कांफ्रेंस में 2047 में विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के विषय पर 180 शोधार्थी अपने रिसर्च पेपर प्रस्तुत करेंगे। कांफ्रेंस का उद्घाटन उच्च शिक्षा विभाग के एडिशनल डायरेक्टर, इंदौर डिविजन डॉ रमेश चंद्र दीक्षित करेंगे। इस अवसर पर सिका एजुकेशन ट्रस्ट के चेयरमैन पी बाबूजी, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ आर श्रीधर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। प्राचार्य डॉ गुंजन शुक्ला ने बताया कि इंटरनेशनल कांफ्रेस में कॉमर्स एवं मैनेजमेंट, साइंस एवं टेक्नालॉजी और आर्ट्स एवं ह्यूमेनिटीज के तकनीकी सत्र होंगे।

इंटरनेशन कांफ्रेंस में विशेष वक्ता के रूप में चिन्मय मिशन इंदौर के प्रमुख स्वामी प्रबुद्धानंद सरस्वती वक्तव्य देंगे। इस कांफ्रेंस में मोरक्को, दुबई, मलेशिया, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, आईआईटी दिल्ली, आईआईटी इंदौर के विद्वान आफलाइन एवं आनलाइन मोड में शामिल होंगे।

## पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण हेतु प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

इंदौर। वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन मध्य प्रदेश भोपाल के प्रांतीय अध्यक्ष एवं ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट पेंशनर फेडरेशन गाजियाबाद,नई दिल्ली के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार दुबे ने पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है।






राजकुमार दुबे ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को संबोधित पत्र में मध्य प्रदेश के पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए उनके निराकरण का अनुरोध किया है।

आपने मध्यप्रदेश- छत्तीसगढ़ पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49 की छठी अनुसूची के बारे में बताया की इस धारा में पेंशनरों को महंगाई राहत (डीआर) देने में छत्तीसगढ़ सरकार की सहमति लेने का कहीं भी उल्लेख नहीं है।

ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि जब भी केंद्र सरकार अपने पेंशनरों को डीआर घोषित करे उसके अनुरूप यदि मध्यप्रदेश सरकार अपने पेंशनरों को महंगाई राहत देना चाहे तो उसे छत्तीसगढ़ सरकार से अनुमति लेना होगी!

फिर भी विगत 25 वर्षों से ऐसा कर पेंशनरों को आर्थिक हानि पहुंचाई जा रही है।

केंद्र द्वारा महंगाई राहत घोषित करने के छह -छह माह व्यतीत होने के बाद ही छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महंगाई भत्ता स्वीकृत किया जाता है। जिसके एरियर की राशि पेंशनरों को न देकर पेंशनरों को आर्थिक नुकसान पहुँचाया जा रहा है, अतः धारा 49 (6)को समाप्त किया जाए।

आपने रेल किराए में पूर्व की तरह वरिष्ठ नागरिकों को छूट देने के साथ ही हवाई यात्रा में भी छूट देने, पेंशनरों को 65 वर्ष की आयु पूर्ण करने के पश्चात आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख तक के इलाज की सुविधा देने, आठवें वेतनमान का लाभ देने, पेंशनरों को प्राप्त पेंशन राशि को आयकर से मुक्त करने आदि की मांग अपने पत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की है।

उक्त जानकारी इंदौर सम्भाग अध्यक्ष राजेश जोशी एवम जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर ने संयुक्त विज्ञप्ति में दी।

## KSH इंटीग्रेटेड लॉजिस्टिक्स ने इंदौर में 30,000 वर्ग फुट का मल्टी-क्लाइंट वेयरहाउसिंग सेंटर शुरू किया



इंदौर। KSH इंटीग्रेटेड लॉजिस्टिक्स ने इंदौर में अपना नवीनतम मल्टी-क्लाइंट वेयरहाउस शुरू किया है। 30,000 वर्ग फुट में फैली यह सुविधा पिथमपुर में स्थित है, जो एक प्रमुख औद्योगिक क्लस्टर है और मध्य भारत में संगठित वेयरहाउसिंग और डिस्ट्रीब्यूशन सेवाओं की बढ़ती मांग को पूरा कर रही है। यह शुरुआत KSH की विकास रणनीति में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो इसे भारत के सबसे जुड़े क्षेत्रों में मल्टी-क्लाइंट वेयरहाउसिंग क्षमताओं को विस्तारित करने में मदद करेगा।

यह सुविधा ऑटोमोटिव, औद्योगिक, ओईएम सप्लाई चेन और कई अन्य उद्योगों के लिए तत्काल संचालन की सुविधा देने के लिए डिज़ाइन की गई है। इंदौर की यह सुविधा ग्राउंड और रैक्ड स्टोरेज, वेयरहाउस प्रबंधन, वैल्यू ऐडेड सेवाएं और लास्ट-माइल डिलीवरी सेवाओं सहित व्यापक वेयरहाउसिंग समाधान प्रदान करती है। मजबूत वेयरहाउस मैनेजमेंट सिस्टम और ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम (TMS) से एकीकृत, यह वेयरहाउस संचालन में पारदर्शिता, इन्वेंट्री नियंत्रण और निर्बाध परिवहन निष्पादन सुनिश्चित करता है। यह सुविधा उच्चतम सुरक्षा और अनुपालन मानकों के अनुसार तैयार की गई है, जिसमें फायर हाइड्रेंट, फायर स्प्रिंकलर और बीम डिटेक्टर जैसी अत्याधुनिक व्यवस्थाएं शामिल हैं - जो आज भी कई क्षेत्रीय वेयरहाउस में दुर्लभ हैं।



## सामुहिक विवाह में 13 जोड़ो का परिणयोत्सव अभूतपूर्व सफलता के साथ सम्पन्न हुआ

नागदा जं. निप्र। सर्व ब्राह्मण समाज के द्वारा सामुहिक परिणयोत्सव का आयोजन शगुन गार्डन उज्जैन में 13 जोडो के साथ सम्पन्न हुआ।

पुरूषोत्तम सारस्वत ने बताया कि समाजसेवी विजयप्रकाश मेहता व श्रीमती शैलबाला मेहता के मार्गदर्शन में उनके निजी व्यय के द्वारा उपरोक्त सामुहिक परिणयोत्सव आयोजन सम्पन्न हुआ। मेहताजी ने पूर्व में भी नगर में कई बार सामुहिक विवाह सम्पन्न करवा चुके है उसी कड़ी में उनके द्वारा उज्जैन में तीसरा सामुहिक परिणयोत्सव समारोह 13 जोडो के विवाह के साथ आयोजित किया गया। समारोह की शुरूआत गणपति पूजन, मण्डप, गृहशान्ति के साथ हुई। सामुहिक चल समारोह निकाला गया इसके पश्चात् गोधूली बेला में तोरण मारा गया। सामुहिक वरमाला के साथ परिणयोत्सव समारोह सम्पन्न हुआ तथा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह की सम्पूर्ण रस्मे सम्पन्न हुई। सभी वर-वधुओं को गृहस्थी का सामान मेहता दम्पत्ति द्वारा दिया गया। इस अवसर पर नागदा नगर से सर्वब्राह्मण समाज के संरक्षक गुलजारीलाल त्रिवेदी, पुरूषोत्तम पुरोहित, राकेश शर्मा, अरूण पोतदार, प्रदीप दुबे, संजय उपाध्याय, राकेश शर्मा(आकाश आप्टीकल्स), राजेश तिवारी, पुरूषोत्तम सारस्वत, देवेन्द्र नागर ने वर-वधुओं को आकर्षक घरेलु सामग्री देकर आशीर्वाद दिया। साथ ही मेहता परिवार की शादी की 50वीं सालगिरह पर उनका शाल, दुपट्टा पहनाकर उनका समाजहित में किये सराहनीय कार्य हेतु सम्मान किया गया।

## सर्व महिला मंडल नागदा ने पुलिस प्रशासन के द्वारा सामुहिक दुष्कर्म करने वाले गिरोह का भांडाफोड करने पर किया सम्मान



नागदा जं. निप्र। सर्व महिला मंडल नागदा द्वारा नागदा नगर की बहन-बेटियों को प्रेमजाल में फंसा कर अश्लील वीडियो बनाने वाले और सामूहिक दुष्कर्म कर शारीरिक शोषण करने वाले आरोपियों को पकड़ने में पुलिस प्रशासन ने जो तत्परता दिखाये जाने पर सम्मान किया गया। सर्व महिला मंडल नागदा द्वारा पुलिस प्रशासन के कार्यो की सराहना की एवं गिरोह को पकडने में शामिल पुलिस अधिकारियो एवं पुलिसकर्मियो को पुष्पहार पहनाकर उनका सम्मान किया गया तथा उनके कार्यो की सराहना की। इस अवसर पर नागदा सर्व महिला मंडल की संचालिका सुनीता गुड्डी दीदी गुर्जर एवं मंडल की महिलाएं आशा जी बैरागी, ललित जी परमार, खुशबू जी सोलंकी, प्रेमलता जी परमार, दमयंती जी चौहान, पवन जी चौहान, दीक्षा जी जैन सहित मंडल की सदस्य उपस्थित रही।

## लेंक्सेस उद्योग ने भी किया एरियर की राशि का भुगतान, 14 हजार से 25 हजार तक की राशि श्रमिकों के खाते में आएगी

नागदा जं. निप्र। मध्यप्रदेश प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री मोहन यादव की सरकार ने 1 अप्रैल 2024 से प्रदेश में न्यूनतम वेतन पर कार्य कर रहे श्रमिकों के वेतन में 86रू. प्रतिदिन की वेतन वृद्धि की थी परंतु उद्योगों द्वारा उसे देने में आनाकानी की जा रही थी। भारतीय मजदूर संघ के लगातार प्रयासों से और शासन के आदेश का पालन करते हुए लेंक्सेस उद्योग ने भी आज लगभग 1000 श्रमिकों को 1 मई 2024 से फरवरी 2025 तक 10 माह के एरियर का भुगतान किया है। प्रेस विज्ञप्ति मे बताया कि न्यूनतम वेतन पर कार्य करने वाले प्रत्येक श्रमिकों को 14000 रुपए से लेकर 25000 रुपए तक एरियर बैंक अकाउंट के माध्यम से मिलेगा। सभी श्रमिकों ने माननीय मुख्यमंत्री मोहन यादव, श्रम मंत्री पहलाद पटेल, मध्य प्रदेश सरकार में पूर्व कैबिनेट मंत्री सुल्तान सिंह शेखावत और भारतीय मजदूर संघ के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्रमिक राजकुमार सिसोदिया, महेश नायर, सुरेंद्र सिंह तंवर, राजेश पाल, भूपेंद्र सिंह सिकरवार, सत्येंद्र शर्मा, रमेश परमार, अनिल ढोणे, प्रकाश गोमे, पप्पू सिसोदिया, रवि ललावत, रविंदर सिंह, प्रवेश तिवारी, दिग्विजय सिंह, राजेश यादव, रऊफ खान, रंजीत साहनी सहित सभी मजदूर साथीयो ने भारतीय मजदूर संघ और मध्य प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## किसानों को दोगुना आय का सपना दिखाने वाली सरकार ने दो वर्ष से नहीं दिया ब्याज भण्डारण निर्माण का लक्ष्य - राधा मालवीय जिला पंचायत सदस्य



नागदा जं. निप्र। जिला पंचायत सदस्य सुश्री राधा भीमराज मालवीय ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि वर्तमान में प्याज की खेती से किसान को घाटा हो रहा है, क्योंकि कृषि उपज मण्डीयो में किसानो के प्याज के मुल्य से भाड़ा तक नहीं मिल रहा है। बेमौसम आये दिन हो रही बारीश से किसानों की प्याज की फसल खराब हो रही है। सरकार किसानो को दोगुना आय का सपना दिखाया। परन्तु शासन की योजना में प्याज भण्डारण निर्माण होता था जिसमें किसान को आनलाईन आवेदन करना रहता है व लक्ष्य होने से किसानो के प्याज भण्डारण निर्माण स्वीकृत होता है। सुश्री मालवीय ने बताया कि किसानो द्वारा प्याज भण्डारण निर्माण करने पर 50 प्रतिशत राशि शासन से अनुदान के रूप में किसानो को भण्डारण निर्माण करने पर राशि अधिकतम राशि 1 लाख 75 हजार रूपये अनुदान दी जाती है। परन्तु विगत दो वर्ष से किसान उद्यानिकी विभाग की आनलाईन एप टटोल रहे है लेकिन दो वर्ष में एक भी लक्ष्य सरकार ने नहीं दिये है। जिससे आज किसानो का प्याज भण्डारण नहीं करने पाने से मण्डी भाव में लागत नहीं निकल रही है प्याज फसल खेती में घाटा हो रहा है। अगर सरकार प्याज भण्डारण निर्माण लक्ष्य दिया जाता तो किसानों को आज नुकसान नहीं उठाना पड़ता। सुश्री मालवीय ने बताया कि आज किसानो की प्याज फसल में हानि हो रही है यह हानि आज किसानो की है परन्तु आने वाले दिनों में प्याज की कमी के चलते आम आदमी को महंगा प्यार खरीदना पडेगा। अगर प्याज भण्डार के लक्ष्य हो तो किसान आज ब्याज का भंडारण करता व आम जन को भी बेसीजन में भी प्याज की कमी न होती।

### लायंस क्लब नागदा ग्रेटर को 'स्नेह' की दिव्यांग सेवा हेतु मिली सर्वोच्च मान्यता

# लायन डॉ. पंकज मारू को दिव्यांग सेवा हेतु प्रांतीय समन्वयक का सर्वोच्च सम्मान




नागदा जं. निप्र। लायंस ऑफ नागदा की स्थाई परियोजना और देश की सर्वश्रेष्ठ संस्था के राष्ट्रीय पुरुस्कार से सम्मानित संस्था स्नेह के माध्यम से दिव्यांग जन सशक्तिकरण हेतु लायंस क्लब नागदा ग्रेटर को मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के 850 से अधिक लायंस क्लबों के बीच लायंस बहूप्रांतीय दिव्यांग कल्याण कार्यक्रम हेतु सर्वश्रेष्ठ क्लब के पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। लायंस क्लब नागदा ग्रेटर के अध्यक्ष लायन अशोक बिसानी ने बताया कि लायंस बहुप्रान्त 3233 में तीन राज्यों मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के 850 से अधिक क्लबों के 21000 से अधिक लायंस सदस्य सम्मिलित है। जोधपुर में रविवार को संपन्न बहुप्रांतीय परिषद् के वार्षिक अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में अंतर्राष्ट्रीय निदेशक लायन रमेश प्रजापति एवं जीएटी वाईस एरिया लीडर लायन कुलभूषण मित्तल तथा बहुप्रांतीय परिषद् चेयरपर्सन लायन संजीव जैन अध्यक्ष के रूप में उपस्तिथ थे। इस अवसर पर स्नेह संस्थापक लायन डॉ. पंकज मारू को बहुप्रान्त के सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग सशक्तिकरण प्रांतीय समन्वयक के पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया द्यइस अवसर पर लायन वीरेंद्र मालपानी एवं लायन डॉ हरीश तिवारी सहित अनेक लायंस सदस्य उपस्थित थे। इस महती उपलब्धि पर लायन गोविंद मोहता, पंकज पावेचा, विजय पोरवाल, रवि कांठेड़, सुरेन्द्र सिंह चौहान, राजेश धाकड़, चंद्रशेखर जैन, राजेश मोहता, झमक राठी, डॉ हिमांशु दत्त पांडे, निर्मल दलाल, राकेश डाबी, कमलेश नागदा, गुलजारी लाल त्रिवेदी, सुनील नरूला, कमलेश जायसवाल, रवि शर्मा, सतीश जैन सांवेर वाले, प्रकाश चंद्र जैन सांवेर वाले, सुनील जैन, शरद जैन, मनीष ओरा, धर्मेंद्र कांकरिया, सुरेंद्र कांकरिया, कमल जैन सहारा, श्रेणिक बम, राजेश गेलडा, कमल पोरवाल, मुकेश धोका, राजेश सकलेचा, कमल पोरवाल, अमित बम आदि ने बधाईयां प्रेषित की है।

## प्रदेश के 6लाख 40 हज़ार शिक्षकों का भारत निर्वाचन आयोग भरोसा करता है लेकिन मध्य प्रदेश सरकार नहीं-चतुर्वेदी

नागदा जं. निप्र। 1 जून 2025 से नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होगा पहले दिन से ही प्रदेश के 6लाख 40 हज़ार शिक्षकों को मोबाइल के सार्थक ऐप से अपनी उपस्थिति फोटो वेरिफिकेशन के साथ ही लोकेशन का वेरिफिकेशन करना अनिवार्य होगा ,अन्यथा उनका वेतन नहीं मिलेगा। म.प्र. शिक्षक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष श्री स्वरूप नारायण चतुर्वेदी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री जी को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि जिन अधिकारियों ने यह सलाह दी है उन्होंने आपको लाखों शिक्षकों तथा उनके परिवार से दूरियां बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं भारत निर्वाचन आयोग देश के सबसे बड़े लोकतंत्र प्रणाली वाले देश में विधानसभा, लोकसभा सहित अन्य निर्वाचन कार्य संपन्न कराने में सिर्फ शिक्षकों पर ही विश्वास करता है। लेकिन प्रदेश सरकार को देश आजादी के बाद अब अनोखा कार्य व्यवहार लग रहा है कि शिक्षक समय पर स्कूल नहीं जाते इसलिए निगाह रखने के लिए सार्थक ऐप से इनकी उपस्थित दर्ज होगी ताकि टाइम की जानकारी भी फोटो के जरिए मिल जाएगी। चतुर्वेदी ने पत्र के माध्यम से इस ओर भी ध्यान दिलाया कि आप स्वयं कर्तव्य निष्ठ है आपको किसी की सलाह की जरूरत नहीं है जो अधिकारी गण आपको इस तरह की सलाह दे रहे हैं वह एक बड़ी तादाद को नाराज करने का काम कर रहे हैं।

### बिज़ली विभाग के कर्मचारी 30 हज़ार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

## पहली बार ग्राम इकाई सिंघाना में लोकायुक्त की कार्यवाही



सिघाना- सिंघाना चेतन जिराती - मनावर के समीप ग्राम सिंघाना के समीप देवगढ़ में बिजली चोरी के प्रकरण के मामले में राशी को कम करने के मामले में लोकायुक्त ने कारवाई कि है।आवदेक अनिल पाटीदार निवासी ग्राम देवगढ़ ने बताया कि 18 मई 2025 को आवेदक के घर पर फाल्ट होने से लाईट चली गई थी। जिसकी सूचना म.प्र.वि.वि.कं.लि. कार्यालय सिंघाना को देने के लिए फोन लगाया तो किसी ने फोन नहीं उठाया। डीएसपी लोकायुक्त आनंद चौहान ने बताया कि आवदेक अनिल पाटीदार ने अलग से एक केबल डालकर अपने घर की बिजली चालू कर ली थी। इस पर 19 मई 2025 को म.प्र.वि.वि.कं.लि. सिंघाना के जेई अनिल वास्केल एवं उनकी टीम आवेदक के घर ग्राम देवगढ गई जहा मौके पर बिजली चोरी का चालान बनाया था।मामले को लेकर आवेदक का 60 हजार रूपये का चालान बनाया है। मामले को लेकर अनिल पाटीदार ने 21 मई 25 को मीटर रीडर वासुदेव से मिला और चालान की राशि कम कराने की बातचीत कर कार्यवाही नहीं करने के लिये जेई अनिल वास्केल से बात करके आवेदक को चालानी कार्यवाही से बचाने के एवज में 40 हजार रूपये रिश्वत की मांग की गई। जिसकी शिकायत अनिल पाटीदार ने पुलिस अधीक्षक, विपुस्था, लोकायुक्त कार्यालय राजेश सहाय इन्दौर को की गई थी। आज सत्यापन में शिकायत सही पाये जाने पर आज ट्रेपदल का गठन कर कारवाई की गई।मामले में लोकायुक्त ने कनिष्ठ यंत्री,म.प्र.वि.वि.क.लि. सिंघाना के अनिल वास्केल निवासी अजन्दीमान मनावर,कम्प्यूटर ऑपरेटर, (आउटसोर्स) गणेश इस्के निवासी ग्राम डोन्चा मनावर तथा मीटर रीडर,म.प्र.वि.वि.कं.लि. सिंघाना के वासुदेव पाटीदार को रिश्वत की राशी 30 हजार रुपये कार्यालय पर लेते हुऐ रंगे हाथ पकडा है। तीनों आरोपीगण के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण की धारा 7 एवं धारा बीएनएस 61 (2) के अंतर्गत कार्यवाही जारी है।कारवाई में कार्यवाहक निरीक्षक प्रतिभा तोमर आरक्षक विजय कुमार, आरक्षक आदित्यसिंह भदौरिया, आरक्षक आशीष नायडू, आरक्षक कमलेश परिहार, आरक्षक शैलेन्द्र सिंह बघेल, महिला आरक्षक सोनम का सहयोग रहा है।

## वक्फ संशोधन बिल के विरोध में मानव श्रृंखला का आयोजन किया

नागदा जं. निप्र। आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लेमिन पार्टी के द्वारा रविवार 25 मई को मानव श्रृंखला बनाकर वक्फ संशोधन बिल को लेकर विरोध दर्ज किया गया।

आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लेमिन पार्टी के जिलाअध्यक्ष फिरोज आजम ने बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रस्तुत वक्फ संशोधन बिल पर सुप्रीम कोर्ट में दोनो पक्षो के द्वारा तर्क प्रस्तुत किये गये है। सरकार द्वारा प्रस्तुत बिल संशोधन को लेकर मुस्लिम समाजजन मानव श्रृंखला का आयोजन 25 मई रविवार को सायं 6 बजे मदीना मस्जिद, नई दिल्ली, नागदा जं. पर किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन एवं महिलाएं एकत्रित होकर एवं मानव श्रृंखला बनाई गई। मानव श्रृंखला के माध्यम से वक्फ संशोधन बिल को लेकर अपना विरोध प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद शहनाज फिरोज आजम, एआईएमआईएम महिला शहर अध्यक्ष सना परवीन शेख, आयशा आजम, मदीना मस्जिद सदर जावेद आजम, अय्यूब आजाद, याकूब शाह अलवी, इमरान हुसैन, मोहम्मद फरीद शेख, मोहम्मद फिरोज शेख, सलमान खान, शाहबाज 72, शाहनवाज रेहमानी, समीर खान, अनस पठान, मोहम्मद फैजल, तौहीद रेहमानी, गफुर खान, रशीद लाला, आमिन चिश्ती, राजुलाला सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## मोढ चतुर्वेदी ब्राह्मण समाज की कुलदेवी मां मातंगी का पाटोउत्सव एवं निर्वाचन कार्य संपन्न

नागदा जं. निप्र। गत दिवस उज्जैन स्थित पिपलीनाका मंदिर पर मोढ चतुर्वेदी ब्राह्मण समाज की कुलदेवी माता का पाटोत्सव संपूर्ण समाज की उपस्थिति में विधि विधान से हवन पूजन यज्ञ के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। शरद चतुर्वेदी ने बताया कि इसी दिन समाज के अध्यक्ष का निर्वाचन ट्रस्ट के अध्यक्ष स्वरूप नारायण चतुर्वेदी की अध्यक्षता में तथा सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र चतुर्वेदी के मुख्य अतिथि में निर्वाचन अधिकारी वरिष्ठ अभिभाषक कैलाश जोशी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ अध्यक्ष पद हेतु दो आवेदन गोपाल कृष्ण चतुर्वेदी एवं अमित व्यास शाजापुर का प्राप्त हुआ कोषाध्यक्ष पद हेतु एकमात्र आवेदन जयेश चतुर्वेदी का प्राप्त होने पर उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। अध्यक्ष पद हेतु नाम वापसी का समय दोपहर 2 बजे तक था अमित व्यास शाजापुर द्वारा नाम वापस लेने पर निर्वाचन अधिकारी ने गोपाल कृष्ण चतुर्वेदी को सर्वसम्मति से निर्विरोध मोढ चतुर्वेदी ब्राह्मण समाज का अध्यक्ष घोषित किया गया अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष के निर्विरोध निर्वाचित होने पर समाज के पूर्व अध्यक्ष भैरूलाल चतुर्वेदी बरखेड़ा अंबाशंकर चतुर्वेदी भैसोला अरुण चतुर्वेदी बंशीलाल चतुर्वेदी कैलाश नारायण चतुर्वेदी आदि थे।

## समाजसेवी मेहता दंपति ने 50वीं विवाह वर्षगांठ पर 13 जोड़ों का निःशुल्क विवाह संस्कार समारोहपूर्वक कर, मिसाल रखी

नागदा जं. निप्र। सर्व ब्राह्मण महासभा के पूर्व अध्यक्ष विजय प्रकाश मेहता द्वारा उनकी 50वीं विवाह वर्षगांठ के अवसर पर 13 ब्राह्मण वर वधुओं का निःशुल्क विवाह संस्कार धूमधाम से संपन्न कराया गया।

सर्व ब्राह्मण महासभा नागदा के अध्यक्ष डॉ. अनिल दुबे लोकने बताया वर्तमान में उज्जैन निवासरत पंडित विजय प्रकाश मेहता एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती शैल बाला मेहता द्वारा पूर्व में नागदा में भी अपने निजी खर्च से ब्राह्मण जोड़ो का विवाह कार्य संपन्न कराया गया था। 50 सालगिरह के अवसर पर उज्जैन मंगल नाथ स्थित, खाक चौक पर शगुन गार्डन में संपूर्ण जिले से ब्राह्मण समाज के 13 जोड़ों का सामूहिक विवाह आयोजन 24 मई, शनिवार को संपन्न हुआ। विवाह समारोह में नागदा सर्व ब्राह्मण महासभा के सदस्य, महिला मंडल समारोह में पहुंचे। दूल्हा दुल्हन का प्रोसेशन एवं आशीर्वाद समारोह, भव्य रूप में समारोह पूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें लगभग 4000 से अधिक आगंतुक मेहमानों ने शिरकत की। इतनी अधिक संख्या में लोगों के शामिल होने पर भी विशेष भोज्य पदार्थ एवं समाज हित में आयोजित सुसज्जित विवाह परिसर देख कर समाज जनों ने मेहता परिवार के निःस्वार्थ सेवा कार्य की सराहना कर सभी व वधुओं को शुभ आशीर्वाद प्रदान किया। वैदिक रीति से सभी वैवाहिक जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। विवाह समारोह के दौरान मेहता दंपति की 50 साल गिरह के अवसर पर उनका स्वागत पुष्प माला, शाल, केक कट एवं सचित्र मोमेंटो भेंट कर किया गया। सभी जोड़ो को महासभा सदस्यों द्वारा आशीर्वाद स्वरुप उपहार एवं राशि भेंट कई की गई। महासभा सचिव विजय व्यास दंपति का भी स्वागत उनकी सालगिरह होने पर किया गया। इस अवसर पर नागदा से सर्व ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष डॉ अनिल दुबे, महिला मंडल अध्यक्ष वंदना दुबे के साथ बड़ी संख्या में समाज जन, महिलाएं सम्मिलित हुए। महासभा अध्यक्ष व सदस्यों द्वारा सभी 13 वर-वधुओं को आर्थिक उपहार के साथ, चांदी की बिछिया फैंसी मंगलसूत्र एवं पर्स व अन्य उपहार आशीर्वाद स्वरुप भेंट किए गए।

# मासूम कृष्णेंदु द्वारा आत्महत्या समाज के असंवेदनशील होने का प्रमाण

आज सोशल मीडिया पर अचानक एक खबर ने मुझे विचलित कर दिया। घटना इतनी दिल दहलाने वाली थी कि उसने मेरी अंतरात्मा तक को झकझोर दिया। किस तरह एक गरीबी की सच्चाई को ज़माने वाले झुठलाकर उसकी सच्चाई को नकार कर झूठ बना देते हैं और एक निर्दोष होकर भी कोई सूली पर चढ़ जाता है। ऐसा ही एक मामला 23/05/2025को पश्चिम बंगाल के पांशकुड़ा में घटित हुई और प्रकाश में आई जिसकी सच्चाई सुनकर हर कोई अवाक रह जाएगा। दरअसल पश्चिम बंगाल के पांशकुड़ा में एक 13 साल का मासूम बच्चा कृष्णेंदु दास जो सातवीं कक्षा में पढ़ता था पर एक दुकानदार ने उसकी दुकान से चिप्स के पैकेट चुराने का आरोप लगाकर उसकी पिटाई कर दी। बच्चा बार-बार कहता रहा कि उसने मिठाई की दुकान से तीन चिप्स के पैकेट नहीं चुराए। उसने तो दुकान के बाहर खाली पड़े चिप्स के पैकेट उठाए थे। दुकान संचालक शुभंकर दीक्षित जो समाजसेवी भी था ने बिना सोचे समझे एक मासूम पर अपनी मिठाई दुकान से तीन पैकेट चिप्स के चुराने का आरोप लगाते हुए उस मासूम को न सिर्फ थप्पड़ मारे वरन उससे उठक-बैठक भी करवाई। मासूम लगातार कहता रहा कि उसने चिप्स के पैकेट नहीं चुराए उसको खाली पैकेट सड़क पर पड़े मिले थे लेकिन दुकानदार ने उसकी एक न सुनी और एक ऐसे झूठे आरोप के लिए उसे दंडित किया जो उसने किया ही नहीं था।मासूम के आत्मसम्मान, उसके विश्वास, उसके मासूम बचपन से खिलवाड़ करने वाले दुकानदार ने सच्चाई जाने बगैर उस मासूम के कोमल निर्मल हृदय को न सिर्फ चोटिल किया वरन उसकी मासूम जिंदगी का अंत भी कर दिया।



दरअसल दुकानदार द्वारा लगाए गए आरोप और दिए दंड के बाद जब मासूम अपने घर पहुंचा तो घर लौटने पर उसकी माँ ने भी उसकी बात नहीं सुनी और गुस्से में आकर उसको न सिर्फ डांटा बल्कि उसके थप्पड़ भी मारा। पहले दुकानदार द्वारा अपमानित होकर झूठे आरोप में दंडित होने वाले 13 साल के मासूम बच्चे कृष्णेंदु दास को जब उसकी मां द्वारा भी दोषी मानकर सज़ा दी तो वह टूट गया और उसने कीटनाशक पी लिया जिसके कारण अगले दिन उसकी मौत हो गई। मरने से पहले उस मासूम ने एक सुसाइड (एक छोटा सा कागज़) नोट लिखा जिसमें उसने लिखा ÷मां, मैंने चिप्स नहीं चुराए। मुझे सड़क पर पड़े मिले थे। मैंने चोरी नहीं की।÷ और इस तरह एक मासूम बच्चे की जान चली गई। बाद में सीसीटीवी फुटेज से उसकी बेगुनाही उजागर हुई लेकिन तब तक देर हो चुकी। एक बेगुनाह बच्चा सच्चा होने के बावजूद समाज की गंदी मानसिकता और बिना पड़ताल के लगाए आरोप के कारण बलि वेदी पर चढ़ गया। उसको इस बात का मलाल नहीं था कि दुकानदार ने उस पर झूठा आरोप लगाया। उसे इस बात का भी रंज नहीं था कि निर्दोष होते हुए भी दुकानदार ने उसको सार्वजनिक रूप से न सिर्फ तमाचे मारे बल्कि उसको उठक-बैठक लगाकर समाज के सामने अपमानित किया उसे दुख इस बात का था कि उसकी जन्मदात्री ने भी उसकी सच्चाई को नज़र अंदाज कर उसको दंडित किया। वह टूटकर बिखर गया। उसे अपनी सच्चाई को उजागर करने से बेहतर मौत को गले लगाना आसान दिखा। लेकिन उसके कोमल हृदय में एक टीस थी, उसे अपनी मां के सामने अपनी सच्चाई, अपनी बेगुनाही उजागर करनी थी जो सुसाईड नोट की शक्ल में छोड़कर हमारे सामने एक ज्वलनशील मुद्दा छोड़ गया। क्या चिप्स के पैकेट की चोरी का आरोप लगाने वाले को बिना सोचे समझे उसको सार्वजनिक रूप से दंडित करना चाहिए था? क्या एक मासूम बच्चे की भूल जो कि उसने की नहीं कोई साक्ष्य के अभाव में उसको सजा देने की भूल माफी योग्य है? यह कहानी एक मासूम की मौत की कहानी नहीं यह हमारे समाज की उस सोच की कहानी है, जो बिना सुने, बिना समझे, सिर्फ दोषी ठहराने में यकीन रखती है। मासूम बच्चे कृष्णेंदु की कहानी सिर्फ एक आत्महत्या की नहीं है – यह एक समाज के असंवेदनशील होने की कहानी है। यह उस पल की तस्वीर है जब एक बच्चा चुप हो जाता है क्योंकि उसके अपने भी उसकी बात नहीं सुनते। उसकी मासूमियत उसकी बेगुनाही पर कोई विश्वास नहीं करता।अब सवाल यह है कि दुकानदार को यदि ऐसा लगा कि बच्चे ने गलती की तो उसे बिना सच जाने उसको दंडित नहीं करना चाहिए था। यदि उसने गलती की भी होती तो क्या कोई बच्चा अपमानित करने से सुधर सकता है? मासूम बच्चे की मौत के हम सब जिम्मेदार हैं जो बिना सच जाने उसे दोषी ठहरा कर दंडित कर बैठे। इस घटना से हमें सबक लेना चाहिए कि माता-पिता को, शिक्षकों को, और समाज को यह समझना होगा कि बच्चे केवल अनुशासन नहीं, समझदारी भी चाहते हैं। हर बार सज़ा ही हल नहीं होती – कई बार एक गले लगाना ज़िंदगी बचा सकता है। आज वह मासूम दुनिया में नहीं हैं।उसका सुसाईड नोट उसकी बेगुनाही को चीख-चीख कर बोल रहा है। सीसीटीवी फुटेज यदि दुकानदार देख लेता तो बच्चे की मौत नहीं होती। उस मासूम के वह बोल कि÷मैंने चोरी नहीं की...÷ये शब्द हमारे ज़मीर को तब तक काटते रहेंगे, जब तक हम बदल नहीं जाते। आरोपी दुकानदार शुभंकर दीक्षित अब फरार है। पुलिस ने केवल ÷अप्राकृतिक मृत्यु÷ का मामला दर्ज किया है। किसी ने अभी तक कोई शिकायत नहीं की है। और उसकी मौत की फाइल हमेशा के लिए बंद हो गई। लेकिन क्या यह उस मासूम के साथ अन्याय नहीं हैं? क्या समाज को आगे नहीं आना चाहिए?क्या हमें अपनी सोच में परिवर्तन नहीं लाना होगा? क्या मासूम बच्चे के साथ जो हुआ उसकी पुनरावृति को हम रोक सकते हैं? हमें विचार करना होगा। हमें सबक लेना होगा इस घटना से। हमें अपने जीवन में इस बात को महत्व देना होगा कि बिना सोचे समझे किसी मासूम पर लगाया गया आरोप उसकी मनोदशा पर क्या प्रभाव डालेगा।

**डॉक्टर सैयद खालिद क़ैस**
**लेखक, पत्रकार, समीक्षक**

# हमारी सांस्कृतिक विरासत हमारी पहचान है, बच्चों की शानदार प्रस्तुति - मंत्री श्रीमती ठाकुर





**धार /- लोक संस्कृति एवं पारंपरिक कलाओं के संरक्षण की दिशा में ऐसे प्रयास सराहनीय हैं। हमारी सांस्कृतिक विरासत हमारी पहचान है, इसे संजोकर नई पीढ़ी तक पहुँचाना हम सभी की साझा ज़िम्मेदारी है।**

जीवन में संस्कारों का बड़ा महत्व है। जन्म से विवाह तक हमारे गीत संगीत में संस्कार होते है। विवाह के बाद महिला को पहनाई बिछिया का महत्व बताया। कैसे बिछिया गर्भधारण व बच्चे के जन्म व प्रसव में मां को सक्षम बनाती है। बच्चों की कत्थक नृत्यों को देखकर उन्होंने कहा कि संस्कार भारती की तीनों कार्यशालाओं से बच्चों ने कितना अच्छा सीखा है। ये विचार केंद्रीय राज्य मंत्री महिला एवं बाल विकास श्रीमती सावित्री ठाकुर ने संस्कार भारती धार के कार्यक्रम में व्यक्त किए। विशेष अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेड़ा ने कहा कि यहां आकर व कलाकारों की प्रस्तुति देखकर बहुत अच्छा लगा। विशेष अतिथि श्रीमती नंदिता राजे पवार, डॉ शरद विजयवर्गी, भोज शोध संस्थान के निदेशक डॉ दीपेंद्र शर्मा व राकेश तोमर थे। कार्यक्रम का आरंभ दीपप्रज्वलन से हुआ। संस्कार भारती के ध्येयगीत पर नृत्य प्रस्तुति हुई। ततपश्चात तीन दिवसीय तबला वादन कार्यशाला के बच्चों ने तबला प्रस्तुति दी। मुख्य प्रशिक्षक योगी पंवार ने एक ताल व तीन ताल में तबला वादन किया। नूपुर कला मन्दिर की डॉ वृषाली देखमुख के मार्गदर्शन में बच्चों के पांच समूह ने गणेश वंदना, रामायण कथा, आरम्भ ही प्रचंड है, हिन्दू सत्य सनातन है कि शानदार प्रस्तुतियां दी। बड़ी संख्या में उपस्थित दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया। बच्चों की कार्यशाला उपरांत कौशल को सराहा। अतिथिओं का स्वागत संस्कार भारती पदाधिकारी प्रांतीय कोषाध्यक्ष पराग भोसले, प्रांतीय दृश्य कला विभाग संयोजक अतुल कालभवर, जिला अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, जिला मंत्री पुष्पजीत राव, जिला उपाध्यक्ष प्रेम सिकरवार व श्रीमती प्रमिला सिसोदिया, अर्चना मुकाती ने किया। पांच दिवसीय कत्थक नृत्य प्रशिक्षक डॉ वृषाली देशमुख, तीन दिवसीय तबला प्रशिक्षक योगी पंवार, चित्रकला प्रशिक्षक दिलीप पुजारी को सम्मान पत्र व अतिथियों को स्मृति चिन्ह संस्कार भारती द्वारा प्रदान किए गए। सम्मान पत्र का वाचन श्रीमती विभा जगताप ने किया। कार्यशाला सहयोगी हृदय मुकाती, रेखा राठौड़, अभय देशमुख, मेघा वाड़कर रहे। संचालन जिला महामंत्री चेतन शर्मा ने किया। आभार संस्कार भारती के प्रांतीय कोषाध्यक्ष पराग भोसले ने व्यक्त किया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राकी मक्कड़ ने दी।

## रेडक्रॉस से 25 हज़ार रुपये की आर्थिक सहायता

धार । कलारिपयट्टू मार्शल आर्ट की राष्ट्रीय स्तर की मेडलिस्ट खिलाड़ी सुश्री सुहानी ग्वाल को आगामी प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु रेडक्रॉस सोसायटी से ?25 हज़ार की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। यह सहायता कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा द्वारा प्रदान की गई, जो सोमवार को उनके समक्ष सुहानी द्वारा आर्थिक संकट के चलते की गई अपील के बाद स्वीकृत की गई।सुहानी ग्वाल ग्राम नालछा, जिला धार निवासी हैं और खेलो इंडिया, इंडियन ओलंपिक व नेशनल गेम्स जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त कर चुकी हैं। उनका चयन हाल ही में केरल के तिरुवनंतपुरम में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हुआ है, जिसके लिए उन्हें 27 मई 2025 को प्रस्थान करना है। आर्थिक रूप से कमजोर पारिवारिक पृष्ठभूमि के कारण सुहानी इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आवश्यक यात्रा, आवास व भोजन व्यय जुटाने में असमर्थ थीं।

# समयावधि बैठक में कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा के निर्देश मौसमी बीमारियों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग रहे सतर्क



धार। कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा ने सोमवार को कलेक्टोरेट में आयोजित समयावधि समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की ऐसी शिकायतें, जिनमें न्यायालयीन प्रकरण लंबित हैं, उन्हें फोर्स क्लोज कराया जाए, ताकि रैंकिंग पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।डही अस्पताल में एक्सरे मशीन शीघ्र प्रारंभ करने तथा गंधवानी अस्पताल हेतु चयनित भूमि से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कार्यवाही इसी सप्ताह पूर्ण होनी चाहिए। मनावर-कुक्षी बायपास निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही तथा ओंकारेश्वर परियोजना के रुके हुए कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए गए।कलेक्टर ने मौसमी बीमारियों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग को सतर्क रहने को कहा तथा पंचायतों एवं नगरीय निकायों को सफ़ाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के लिए निर्देशित किया। धार नगर में जलप्रदाय व्यवस्था को लेकर नगर पालिका एवं जल संसाधन विभाग को समयबद्ध कार्यवाही करने को कहा। बताया गया की जलगंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत अब तक बारह तालाबों से अतिक्रमण हटाया जा चुका है तथा सभी तालाबों को अभिलेख में दर्ज किया गया है। ई-ऑफिस के संचालन की विभागवार समीक्षा की गई। समग्र ई-केवाईसी कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि इस क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को टीएल बैठक में सम्मानित किया जाए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक चौधरी, एडीएम श्री अश्विनी कुमार रावत सहित जिले के समस्त अधिकारीगण उपस्थित रहे। विकासखंड स्तरीय अधिकारी एवं सभी एसडीएम वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हुए।



## विकास भी विरासत भी पर साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित

धार पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस धार के एनसीसी विभाग द्वारा विकास भी विरासत भी पर साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। एनसीसी गतिविधि के एक भाग के रूप में विकास भी विरासत भी पर साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। एक वेबिनार का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों को इंडियन हेरिटेज एवं कल्चर के महत्पूर्ण तथ्य बताए गए। छात्रों के द्वारा पॉडकास्ट, इंटरैक्टिव सेशन एवं स्ट्रीट शो के कार्यक्रम रखे गए। ह्ष्ष्ट सीनियर कैडेट हरिराम का सहयोग पूरे कार्यक्रम में रहा द्य कार्यक्रम का समन्वय डॉ. नम्रता खुराना ने किया। पूरा कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. एसएस बघेल, एनसीसी अधिकारी डॉ. उदय सिंह निंगवाल के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी डॉ. आर.एस.मंडलोई और डॉ. गजेंद्र उज्जैनकर उपस्थित थे।

## मूलनायक शांतिनाथ भगवान का जन्म, तप व मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया



धार। भक्तामर महाकाव्य की रचना स्थल धार में 26 मई को दिगंबर जैन मंदिर में मूलनायक भगवान शांतिनाथ जी का जन्म, तप एवं मोक्ष कल्याणक महा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। प्रातः काल मंदिर जी में शांति धारा, नित्य पूजन व निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। दोपहर को शांतिनाथ मंडल विधान का आयोजन किया गया। दोनों कार्यक्रमों में आचार्य गुरुवर विषदसागर जी महाराज ससंघ (12 संत) के साथ ही गुरु मां चंद्रमति माताजी का भी सानिध्य प्राप्त हुआ। मीडिया प्रभारी सुभाष जैन ने बताया कि प्रातः काल का कार्यक्रम शांतिनाथ मंदिर धार में व दोपहर का कार्यक्रम संत भवन धार में संपन्न हुआ। भगवान शांतिनाथ महोत्सव में आयोजित प्रातः काल शांति धारा पूजन और निर्वाण लाडू प्रक्रिया में तथा तथा दोपहर में शांतिनाथ मंडल विधान पूजन आदि कार्यक्रमों एवं शांतिनाथ मंडल विधान पूजन व रात्रि के कार्यक्रम गुरु भक्ति आरती में संगीत के साथ संपन्न हुए। इसके अतिरिक्त रात्रि में भरत शास्त्री द्वारा प्रायोजीतलघु नाटिका आयोजित की गई। लघु नाटिका की उपस्थित समाज जनों ने काफी सराहा।

### निरोगी रहने के लिए खुद स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें – विशाल धाकड़

# स्वयं के प्रयास से स्वस्थ रहने के अनुकूल बनाएं - स्वामीजी




ईफराज कुरैशी, कुक्षी - सब आरोग्य रहें इसके लिए जरूरी है कि हम स्वस्थ रहने के स्वयं को अनुकूल बनाएं । पंच तत्वों का निःशुल्क उपहार प्रकृति हमे दे रही है किन्तु उसका सदुपयोग सही अनुपात में नहीं कर पाते हैं । केवल प्रकृति का दोहन ही नहीं उसके लिए हममें समर्पण का भाव भी होना चाहिए । आध्यात्मिकता की शुरूआत ही शरीर से होती है किन्तु हम आध्यात्मिकता से परे आधुनिकता की दौड़ में शामिल हो रहे हैं यही कारण है कि हम नित नवीन रोगों के शिकार होते चले जा रहे हैं । उक्त विचार शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुक्षी में धीरज हॉस्पिटल पिपरिया वाघोड़िया गुजरात व रेडक्रास समिति कुक्षी तथा रोगी कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सर्व रोग निदान एवं जाँच शिविर में बीएपीएस स्वामीनारायण मन्दिर के सन्त दिव्य स्वरूप स्वामी द्वारा व्यक्त किए गए । इस अवसर पर रेडक्रास समिति कुक्षी के अध्यक्ष एसडीएम विशाल धाकड़ द्वस ने कहा कि सब निरोगी रहें इसके लिए स्वयं का प्रयास होना चाहिए । जब तक हम स्वयं स्वास्थ्य के प्रति सजग नहीं रहेंगे तब तक रोगों का हम पर असर बना रहेगा । अपनी काया को निरोगी बनाए रखने के लिए अपने स्तर पर ही प्रयास की आवश्यकता होती है क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है । रेडक्रास के कार्यों की जानकारी उपाध्यक्ष बंशीलाल बाड़मेरा ने दी तथा स्वागत उद्बोधन डॉ. निर्मल कुमार पाटीदार ने दिया। रेडक्रास समिति कुक्षी के वाइस पैटर्न रमेशचन्द्र धाड़ीवाल ने शिविर में कुल 689 विभिन्न बीमारियों के रोगियों के पंजीयन तथा रोगों के निदान , जांच व परामर्श की जानकारी देते हुए आभार व्यक्त किया । धीरज हॉस्पिटल के कार्यक्रम अधिकारी शिवपालसिंह राउल ने मानव सेवा के ध्येय के लक्ष्य पर चलने के हॉस्पिटल के उद्देश्य पर प्रकाश डाला । कार्यक्रम में बीएपीएस स्वामीनारायण मन्दिर कापसी कुक्षी के संत स्वामी अमृत निधि जी, नगर परिषद कुक्षी के उपाध्यक्ष शब्बर हुसैन जीनवाला , कन्या विद्यालय के प्राचार्य नरेन्द्र कुमार सिर्वी , नायब तहसीलदारद्वय जागरसिंह रावत व सुरेशचंद्र जमरे , रेडक्रास समिति के वाइस पैटर्न नरेश चौधरी , अनिल पारीख , अनिल मेहता सहित कार्यकारिणी सदस्य पण्डित मनोहर मंडलोई , हुकुमचंद अग्रवाल , डॉ. आनन्द पाटीदार , मनीष बाड़मेरा , दिनेश राठौड़ , महिमाराम पाटीदार प्रफुल्ल जैन , गंगाराम पाटीदार, नरेश पहाडिया,सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे । संचालन मनोज साधु ने किया । एसडीएम विशाल धाकड़ ने धीरज हॉस्पिटल की पूरी टीम को धन्यवाद दिया । शिविर में सिविल हॉस्पिटल , राजस्व विभाग , नगर परिषद , पी.एच.ई. विभाग , पुलिस विभाग , पी.डब्ल्यू डी. , कन्या विद्यालय के स्टॉफ , , मां नर्मदा पैरा मेडिकल कॉलेज के सराहनीय योगदान के लिए धन्यवाद दिया गया ।

### विवाह सम्मेलन के लिए कमल सिंह पटेल एवं धर्मशाला के भेरू सिंह सोलंकी अध्यक्ष नियुक्त

# रंगाराखेड़ी सामूहिक व धर्मशाला समिति की बैठक सम्पन्न, विवाह समिति ने 6 लाख 84 हजार व धर्मशाला ने 20 लाख की बचत राशि नविन समिति को सोंपी



बदनावर( इंदौर समाचार)। महाराणा प्रताप राजपूत समाज धर्मशाला रंगाराखेड़ी नागदा की सामूहिक विवाह समिति एवं धर्मशाला समिति की बैठक परिसर में सम्पन्न हुई। प्रारम्भ में समाज के वरिष्ठजनों ने माँ सरस्वती, श्री राम एवं महाराणा प्रताप के चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर विधिवत शुरुआत की। कार्यक्रम की शुरआत में सामूहिक विवाह समिति के सचिव भेरू सिंह सोलंकी खंडीगारा ने 39 वे विवाह समारोह के आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत कर वाचन किया। इसमें सामूहिक समिति,, बर्तन आय, भोजन प्रबंधन दान सहित विभिन्न मद से 6 लाख 84 हजार 911 रूपये की बचत का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। इसी तरह धर्मशाला समिति के अध्यक्ष दशरथ सिंह पटेल मनासा ने धर्मशाला समिति के वर्ष भर का आय व्यय पत्रक का वाचन किया। समिति सचिव ईश्वर सिंह तंवर ने विस्तृत जानकारी देते हुए कहा की धर्मशाला समिति में आज जो बचत राशि 20 लाख 1 हजार 415 रूपये नविन समिति को सोंपी जा रही है वो पूर्व समिति, समाजजनों, दिवंगतो की स्मृति एवं समस्त सहयोगियों के समर्पण, त्याग की पूंजी है। इस पूंजी व नविन समिति के सहयोग आपसी तालमेल से धर्मशाला के सर्वांगीण विकास की इबारत लिखी जाएगी। अंचल की सबसे बड़ी धर्मशाला होने का गौरव हमें विरासत में मिला है समाज के पूर्वजो व अग्रजो के समर्पण व उनकी कड़ी मेहनत व संघर्ष की बदौलत यह धरोहर स्थापित हुई है। हम सभी निवृतमान व नविन समितियों के पदाधिकारियों को आपसी तालमेल व सम भाव से इस धरोहर को सहेजकर व इसकी गरिमा को बनाए रखना है।

**पटेल सामूहिक विवाह व सोलंकी धर्मशाला समिति के अध्यक्ष नियुक्त**– सामूहिक विवाह समिति अध्यक्ष के लिए सर्वानुमति से कमल सिंह पटेल कानवन,उपाध्यक्ष भारत सिंह मंडलोई, सचिवगण भुवान सिंह सोलंकी, हुकुम सिंह तंवर कोषाध्यक्ष सागर सिंह चावड़ा नियुक्त किए गए। इसी तरह धर्मशाला समिति अध्यक्ष के लिए भेरू सिंह सोलंकी खंडीगारा, उपाध्यक्ष गोरे सिंह पलवाड़ा,कोषाध्यक्ष रतन सिंह गोहिल पिंजराया, सचिवगण टिकम सिंह उमठ सनोली, कमल सिंह परिहार सहित कार्यकारिणी पदाधिकारी नियुक्त किये गए।

आयोजित बैठक में अंचल से पधारे समाज के वरिष्ठ समाज जन, इन्दर सिंह जादौन, घनश्याम सिंह डोडिया, गजेंद्र सिंह जी डोडिया,, हटे सिंह वरनासा, कमल सिंह कामदार, विक्रम सिंह कठोड़िया,जनपद सदस्य राजेंद्र सिंह पटेल, ईश्वर सिंह सरपंच धमाना, इन्दर सिंह माकनी, अर्जुन सिंह बैगन्दा, मेहरबान सिंह रेशमगारा, बाबू सिंह कनवासा, बापु सिंह मंगलगढ़,मनोहर सिंह पटेल, इन्दर सिंह पंवार, शम्भू सिंह चावड़ा, करणी सेना जिलाध्यक्ष केवल सिंह चावड़ा, विनोद सिंह पटेल, राजपूत युवा संगठन अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह राठौर, आनंद सिंह कड़ोदकलां, मुकेश फौजी,मेहरबान सिंह, गोपाल सिंह रेशमगारा, मेहरबान सिंह झाला,भंवर सिंह खजुरिया, राकेश कामदार,भगवान सिंह सेमलिया, प्रीतम सिंह, बने सिंह तारोद आदि उपस्थित थे।



## रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट मे कई प्रदेशो की टीम आमने सामने होंगी

इंदौर - खालसा प्रीमियर लीग ये सिर्फ टूर्नामेंट बल्कि एक आंदोलन है यहाँ क्रिकेट के जरिये अनुशासन, टीम वर्क ओर एकता का सन्देश दिया जा रहा है फौज ओर क्रिकेट मे एक बात समान होती है टीम वर्क, सम्मान ओर समर्पण। ये कहना है लेफ्टिनेंट कर्नल एम के भटनागर कमांडिंग ऑफिसर (ह्ष्ष्ट) का द्य वें एम पी स्पोर्ट्स केयर व एम बी खालसा एजुकेशन सोसाइटी के सयुंक्त तत्वाधान मे खालसा स्टेडियम मे हो रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट मे बतौर मुख्य अतिथि मौजूद थे भटनागर ने कहा की जब मे बॉर्डर पर था तब बहुत मुश्किल पल देखे लेकिन एक बात हमेशा याद रहती थी मे अकेला नहीं हु मेरी यूनिट, मेरा भारत मेरे साथ है यही भावना यहाँ भी है ये टूर्नामेंट एक परिवार बन गया है जहाँ कौच पिता जैसा मार्गदर्शन देता है ओर हर दर्शक चीयर लीडर द्य खिलाड़ियों से यही कहना चाहूंगा हर मैच एक मिशन है इंदौर के लोगो मे जूनून है चाहे गली का लड़का हो या स्टेडियम का स्टार सभी मे चमक है। जो समर्पण आप क्रिकेट मे दिखाते है वही समर्पण कल किसी स्टार्ट उप मे, किसी सोशल मिशन मे या देश की सेवा मे भी नज़र आ सकता है आप लोग एक नई सोच ओर नई पीढ़ी को तैयार कर रहे हो कर्नल भटनागर का विधायक रमेश मैंडोला, रणवीरसिंह, स्वप्निल कोठरी, नीलेश नीमा ने स्वागत किया द्य संचालन गोपाल मारवाल ने करते हुए पुरे आयोजन की जानकारी दी- इस टूर्नामेंट मे 25 लाख की इनामी राशि दी जाएगी। इस दौरान भागीरथ राठौर, हरप्रीत बक्शी, राजू भाटिया मौजूद थे स्वागत भाषण स्वप्निल कोठरी ने दिया?

## जिला रैंकिग टेबल टेनिस स्पर्धा 6 जून से

इंदौर। इंदौर जिला टेबल टेनिस संगठन के तत्वावधान में द्वितीय जिला रैंकिग टेबल टेनिस स्पर्धा 6 जून से आयोजित की जायेगी। स्पर्धा के मुकाबले अभय प्रषाल में खेलें जायेगें। उक्त जानकारी देते हुए इंदौर जिला टेबल टेनिस संगठन के सचिव नीलेश वेद ने बताया कि स्पर्धा में पुरूष तथा महिला एकल मुकाबलों के साथ ही यूथ, जूनियर, सबजूनियर तथा केडेट बालक एवं बालिकाओं के मुकाबले खेलें जायेगें। स्पर्धा का संचालन प्रषांत व्यास तथा नवीन सोनी करेगें। स्पर्धा में भाग लेने के इच्छुक खिलाडी अपनी ऑनलाईन प्रविष्टियां बेसिक्स स्पोर्टस एप्प पर 28 मई से 2 जून 5 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है।

## प्रोफेसर राठी मेमोरियल कप गोल्फ टूर्नामेंट का आयोजन

इंदौर -रॉयल गढ़ा गोल्फ क्लब ने 24 और 25 मई 2025 को प्रोफेसर पी.डी. राठी मेमोरियल कप गोल्फ टूर्नामेंट का आयोजन किया। इस टूर्नामेंट में इंदौर, भोपाल, उज्जैन, महू और देवास के 59 गोल्फ खिलाड़ियों ने भाग लिया। परिणाम ज् वयस्कों के लिए सर्वश्रेष्ठ सकल स्कोर विजेता ट्रॉफी जीती- प्रतीक केलकर ने, वयस्कों के लिए सर्वश्रेष्ठ सकल स्कोर उपविजेता ट्रॉफी जीती, संजय कुमार ने सर्वश्रेष्ठ सकल स्कोर विजेता ट्रॉफी (वरिष्ठ नागरिक) जीती, भरत चौहान ने सर्वश्रेष्ठ सकल स्कोर उपविजेता ट्रॉफी (वरिष्ठ नागरिक) जीती,डॉ राजेश कासलीवाल ने, वयस्कों के लिए सर्वश्रेष्ठ नेट स्कोर विजेता ट्रॉफी जीती, अनुराग गुप्ता ने, सर्वश्रेष्ठ नेट स्कोर विजेता ट्रॉफी (वरिष्ठ नागरिक) जीती संजय दवे ने, महिलाओं के लिए सर्वश्रेष्ठ नेट स्कोर विजेता ट्रॉफी जीती,सुश्री शैली सोनी ने, जूनियर (6-9 वर्ष) की विजेता ट्रॉफी सुश्री तनिष्का खोत ने जीती,जूनियर (9-12 वर्ष) की ट्रॉफी मस्त अर्जन अग्रवाल ने जीती। जूनियर (12-15 वर्ष) की विजेता ट्रॉफी मस्त चित्रांश ने जीती। जूनियर (15-18 वर्ष) की विजेता ट्रॉफी मस्त अबीर राठी ने जीती। ब्रिगेडियर जे.पी. डैनियल ने क्लोज टू द पिन ट्रॉफी जीती। विशेष समूह विजेता ट्रॉफी परमानंद ने जीती। विजेता को ट्रॉफी इस टूर्नामेंट के प्रायोजक अनिल राठी ने प्रदान की। सभी प्रतिभागी गढ़ा गोल्फ कोर्स के रखरखाव (गर्मियों के दौरान) और टूर्नामेंट के संचालन के बेहतरीन तरीके को देखकर खुश थे। उन्होंने गढ़ा परिवार की प्रशंसा की और उन्हें धन्यवाद दिया, जिन्होंने गोल्फरों को इतना सुंदर और अनोखा गोल्फ कोर्स और कई अन्य क्लब सुविधाएं प्रदान कीं।

## 31वीं राष्ट्रीय सब जूनियर नेटबॉल का हुआ शुभारंभ



इन्दौर - नेटबाल स्पोर्ट्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश द्वारा देवी अहिल्या बाई होलकर की 300 वीं जयंती पर 31वीं राष्ट्रीय सब जूनियर नेटबॉल स्पर्धा 28 मई तक अल्पाइन एकेडमी परिसर में आयोजित की जा रही है। स्पर्धा में 27 राज्यों के खिलाडियों ने इसमें भाग लिया है। नेटबाल स्पोर्ट्स एसोसिएशन एवं आयोजक अध्यक्ष मयूरेश पिंगले एवं सचिव लक्ष्मण दातीर ने बताया कि स्पर्धा का शुभारंभ नरेंद्र फणसे, पार्षद प्रशांत बडवे एवं मोहिनी बाबा के आतिथ्य में हुआ। 25 से 28 मई तक आयोजित नेटबाल प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग के मुकाबले होंगे। शुभारंभ अवसर पर साउथ एशियन संघ हरिओम कौशिक, भारतीय नेटबाल संघ महासचिव विजेंद्रसिंह, गोविंद सिंह बघेल, डॉ. मनीष जायसवाल, अशोक कुमार, अमित अरोड़ा, विकास शर्मा, विवेक सेन, मनीष पटेल सहित अन्य खिलाड़ी मौजूद थे। मयूरेश पिंगले ने बताया कि बालक वर्ग में केरल और दिल्ली के बीच स्पर्धा हुआ। जिसमें केरल ने 23-10 से दिल्ली को हराया। वहीं दुसरा मुकाबला हरियाणा और उत्तराखंड के खिलाडियों में हुआ जिसमें हरियाणा ने 24-06 से उत्तराखंड को हराया। वहीं बालिका वर्ग में मध्यप्रदेश और उड़ीसा के बीच मुकाबला हुआ जिसमें मध्यप्रदेश ने 24-03 से उड़ीसा को हराया। दुसरा मुकाबला हरियाणा और आंध्रप्रदेश के बीच हुआ जिसमें हरियाणा ने 14-02 से आंध्र प्रदेश को हराकर अपनी जीत दर्ज की।

# पंजाब ने मुंबई को 7 विकेट से हराया

## टॉप-2 में जगह पक्की ; MI को एलिमिनेटर खेलना होगा ; प्रियांश-इंग्लिस की फिफ्टी

नई दिल्ली। मुंबई इंडियंस (MI) ने IPL 2025 के 69वें मैच में पंजाब किंग्स (PBKS) को 185 रन का टारगेट दिया है। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में पंजाब ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। मुंबई ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 184 रन बनाए। पंजाब किंग्स ने 18 ओवर के बाद 3 विकेट खोकर 180 रन बना लिए हैं। श्रेयस अय्यर और नेहल वाधेरा क्रीज पर हैं। जोश इंग्लिस 73 और प्रियांश आर्या 62 रन बनाकर आउट हुए। दोनों को मिचेल सैंटनर ने पवेलियन भेजा। प्रभसिमरन सिंह 13 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जसप्रीत बुमराह ने अश्विनी कुमार के हाथों कैच कराया। इससे पहले प्रभसिमरन सिंह का 1 कैच ड्रॉप हुआ। 18वें ओवर में पंजाब ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां जोश इंग्लिस 73 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मिचेल सैंटनर ने LBW किया। अपील को फील्ड अंपायर के



नकारने के बाद मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या ने [illegible] लिया। रिप्ले देखने के बाद थर्ड अंपायर ने इंग्लिस को आउट करार दिया। 16वें ओवर में पंजाब ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया है।

जोश इंग्लिस ने विल जैक्स के ओवर की दूसरी बॉल पर दो रन लेकर टीम को 150 रन तक पहुंचाया। 15वें ओवर में पंजाब किंग्स ने दूसरा विकेट गंवा दिया। ओवर की पहली बॉल मिचेल सैंटनर ने ऑफ स्टंप के बाहर फेंकी। प्रियांश आर्या बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन लॉन्ग ऑफ पर कैच हो गए। उन्होंने 62 रन बनाए। पंजाब से नंबर-3 पर बैटिंग करने उतरे जोश इंग्लिस ने 29 गेंद पर फिफ्टी लगा दी। उन्होंने 12वें ओवर में हार्दिक पंड्या के खिलाफ सिंगल लिया और अपनी हाफ सेंचुरी पूरी कर ली। इसी ओवर की आखिरी गेंद पर प्रियांश आर्या ने छक्का लगाया और 27 गेंद पर अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। दोनों ने 14वें ओवर में सेंचुरी पार्टनरशिप भी पूरी कर ली।

## इंदौर में 53वीं जिलास्तरीय तैराकी प्रतियोगिता सम्पन्न, 250 खिलाड़ियों ने लिया भाग



इंदौर। - इंदौर जिला तैराकी संघ द्वारा आयोजित53वीं जिलास्तरीय तैराकी प्रतियोगिताका भव्य आयोजनस्वर्गीय लक्ष्मण सिंह चौहान तरण पुष्करपरदिनांक 24-25 मईको किया गया। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता मेंइंदौर शहर के लगभग 250 खिलाड़ियोंने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता कोसब-जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्गमें बॉयज़ एवं गर्ल्स कैटेगरी के तहत आयोजित किया गया, जिसमें कुल134 इवेंट्सका आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी अब1 से 5 जून तक खंडवा में होने वाली 53वीं राज्यस्तरीय तैराकी प्रतियोगितामें इंदौर का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर अपने-अपने ग्रुप में सर्वाधिक पदक अर्जित करने वाले खिलाड़ियों कोसम्मान समारोहमें सम्मानित किया गया। विजेताओं की सूची इस प्रकार रही-

**ग्रुप चैम्पियंस-** बॉय - ग्रुप 4-आरुष खिरोड़कर (24 अंक), गर्ल - ग्रुप-4-निशिका भूषण (22 अंक), बॉय - ग्रुप 3-कृषित्र दोशिव (25 अंक), गर्ल - ग्रुप-3 गोपालिया और महिका सोलंकी (19-19 अंक, संयुक्त विजेता), बॉय - ग्रुप 2 अनय द्विवेदी (25 अंक), गर्ल - ग्रुप 2-कनक कवरे और हार्मनी जैन (25-25 अंक, संयुक्त विजेता), बॉय - ग्रुप 1-ध्रुव खंडेलवाल (23 अंक), गर्ल - ग्रुप 1-अधा भैसेन (16 अंक), पुरुष वर्ग-आदित्य तिवारी (25 अंक) महिला वर्ग-भूमि अग्रवाल (15 अंक) इस अवसर परइंदौर के उन खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने पिछले वर्ष तैराकी, गोताखोरी एवं कयाकिंग-कैनोइंग में अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर शहर का नाम रोशन किया। इन खिलाड़ियों में प्रमुख नाम रहे-प्रद्युम्न सिंह राठौर, करिश्मा दीवान, नीलव गोयल, कृषिव दोशिव, पलक शर्मा, प्राग्नेश चौहान और अनन्या यादव। समापन समारोहमें खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे, जिनमें शामिल थे? बी.बी. कस्बे, सुरेन्द्र सिंह चौहान, गोपाल अग्रवाल,शामिल हे, व जिला तेरकी संघ से योगेन्द्र सिंह राठौड़, लोकेन्द्रसिंह राठौड़, मनीष बिरथरे, अखिलेश पाठक, रमेश व्यास ,सीमांत द्विवेदी,वीरेंद्र शेंडके ,गौरव दिव्वेदी, सागर तोन्डे, मनीष इमोलिया और मोहित इमोलिया उपस्थित थे ! प्रतियोगिता ने इंदौर के तैराकी खिलाड़ियों को नई प्रेरणा दी है, जो आने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन के लिए तैयार हैं।

## राडुकानू की चीन की वांग झिन्यू पर रोमांचक जीत पेरिस



एम्मा राडुकानू ने शारीरिक कठिनाइयों और बढ़ती जांच दोनों को पार करते हुए फ्रेंच ओपन के पहले दौर में सोमवार को चीन की वांग झिन्यू को दो घंटे 44 मिनट के रोमांचक मुकाबले में 7-5, 4-6, 6-3 से हराया। क्ले-कोर्ट ग्रैंड स्लैम में अपनी दूसरी उपस्थिति दर्ज कराते हुए - चोट के कारण पिछले दो संस्करणों से बाहर रहने वाली - 22 वर्षीय ब्रिटिश खिलाड़ी स्पष्ट रूप से अस्वस्थ थी, जिसके कारण पहले सेट के अंत में उसे अपने रक्तचाप की जांच के लिए मेडिकल टाइमआउट की आवश्यकता पड़ी। असुविधा और विवादित कॉल के बावजूद, जो वांग की ओर गति को मोड़ता हुआ प्रतीत हुआ, राडुकानू ने हार मानने से इनकार कर दिया। उनकी अंतिम जीत केवल स्कोरबोर्ड पर जीत नहीं थी, बल्कि उनकी विकसित होती मानसिक दृढ़ता के बारे में एक गहरा व्यक्तिगत बयान था। राडुकानू ने अपनी शारीरिक स्थिति के बावजूद अपने दूसरे अवसर पर सर्विस तोड़ते हुए शुरुआती सेट को जीतने में कामयाबी हासिल की। हालांकि, दूसरा सेट विवादास्पद लाइन कॉल के बाद फिसल गया, जिसने वांग को उत्तेजित कर दिया और ब्रिटिश खिलाड़ी की लय को बिगाड़ दिया।



## फुटबाल प्रशिक्षण शिविर का समापन

इंदौर ग्राम कोदरिया में सांई धाम फुटबॉल क्लब द्वारा 10 दिवसीय फुटबाल प्रशिक्षण शिविर का समापन 25 मई को संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि चिंटू वर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, इंदलाल केलोत्रा अध्यक्ष क्रीड़ा भारती, माखन सिंह अंजना, संतोष पाटीदार, मुकेश जरिया,

महेश बैरागी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि द्वारा शिविर में प्रतिभागी बालक-बालिकाओं को प्रमाण पत्र व कीट वितरित किए गए सांई धाम फुटबॉल क्लब द्वारा सभी बालक-बालिकाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। शिविर में प्रतिदिन सभी प्रतिभागियों को फुटबॉल की बारीकियां से अवगत कराया।

शिविर में प्रतिदिन प्रतिभागियों को पौष्टिक आहार व स्वल्पाहार दिया गया। सांई धाम फुटबॉल क्लब के सचिव प्रवीण कामले, हेड कोच ओ पी बाथम विक्रम सत्तावत द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए।अतिथियों का स्वागत देवेंद्र पाटीदार, महिपाल चुंडावत, जयंत यादव, प्रीतम मालवीय, प्रवीण शर्मा, राहुल पाटीदार,भरत पटेल व महेंद्र परदेसी ने किया कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल सुले ने की संचालन राजेश पाटीदार ने तथा आभार देवेंद्र पाटीदार ने माना।

## मध्यप्रदेश अंडर-13 ओपन और अंडर-13 गर्ल्स शतरंज चैंपियनशिप 2025 में चमके प्रदेश के नन्हे सितारे 7 आयोजन ओरिएंटल यूनिवर्सिटी, इंदौर में संपन्न



इंदौर, आल इन्दौर चेस असोसिएशन द्वारा आयोजित÷मध्य प्रदेश अंडर-13 ओपन और अंडर-13 गर्ल्स शतरंज चैंपियनशिप 2025÷ (MP State Selection for Uvx Open & Girls National 2025) का आयोजन इस वर्ष ओरिएंटल यूनिवर्सिटी, इंदौर में भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस राज्य स्तरीय चयन प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से आए बाल शतरंज खिलाड़ियों ने अपनी सूझबूझ, संयम और कुशल रणनीति से दर्शकों और निर्णायकों को प्रभावित किया। यह प्रतियोगिता आगामी राष्ट्रीय अंडर-13 शतरंज चैंपियनशिप के लिए राज्य के प्रतिनिधियों के चयन हेतु आयोजित की गई थी। मुकाबलों में रोमांच और प्रतिस्पर्धा का उच्च स्तर देखने को मिला। गर्ल्स वर्ग में टॉप 10 खिलाड़ियों के नाम, स्कोर और नगर इस प्रकार हैं- स्पर्धा 6 चक्रो में संपन्न हुई

1. अंशिका डोंगरे - 6 अंक, इंदौर, 2. स्वस्ति चौहान - 4.5 अंक, ग्वालियर, 3. आर्या अग्रवाल - 4.5 अंक, ग्वालियर , 4. अंजलि श्रीवास्तव - 4.5 अंक, भोपाल, 5. अदिति यादव - 4 अंक, ग्वालियर, 6. प्रावी सिंह तोमर - 4 अंक, उज्जैन, 7. आद्या धुर्वे - 4 अंक, जबलपुर, 8. अद्वितीया रॉय - 4 अंक, इंदौर, 9. लावण्या जुनेजा - 4 अंक, छिंदवाड़ा, 10. तनिष्का श्रीवास्तव - 3.5 अंक, सिवनी, ओपन वर्ग में टॉप 10 खिलाड़ियों के नाम, स्कोर और नगर इस प्रकार हैं1. ऋषभ कुमार - 6 अंक, इंदौर, 2. प्रणीत चोरघड़े - 5 अंक, भोपाल, 3. वेद नायर - 5 अंक, इंदौर, 4. अभिराज सिंह तोमर - 5 अंक, ग्वालियर, 5. दिवित गंगवाल - 5 अंक, ग्वालियर, 6. शुभ खत्री - 5 अंक, ग्वालियर, 7. दक्षित सोदानी - 4.5 अंक, इंदौर, 8. आद्विक गुप्ता - 4.5 अंक, इंदौर, ,9. तत्व जैन - 4.5 अंक, इंदौर 10. अथर्व पल्टा - 4.5 अंक, कटनी, मुख्य अतिथि- प्रोफेसर डॉक्टर गरिमा घई ,विशिष्ट अतिथि- प्रोफेसर डॉक्टर ध्रुव घई,अनिल फतेहचंदानी ,,डॉ. सुनील के. सोमानी, डॉ. प्रद्युमन यादव इस अवसर पर राजेंद्र चिमनानी व महेश अग्रवाल भी उपस्थित थे कार्यक्रम का सफल संचालन मधु पुष्पकर ने किया!

**अर्बिटर टीम-** यश तुलापुरकर, ,निखिल महाजन,प्रिंस लोबो, डॉ. राजेंद्र कुमार मीणा (प्रोफ़ेसर इंचार्ज - स्पोर्ट्स) और,भरत रघुवंशी (स्पोर्ट्स ऑफिसर) ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समापन समारोह में मुख्य अतिथि व विशेष अतिथियों द्वारा विजेताओं को नगदी ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में बच्चों की एकाग्रता, आत्मविश्वास और खेल भावना दर्शनीय थी। आयोजन के दौरान पूरे परिसर में उत्साह और गर्व का वातावरण बना रहा। ओरिएंटल यूनिवर्सिटी ने इस आयोजन को सफल बनाकर यह सिद्ध किया कि वह शिक्षा के साथ-साथ बौद्धिक विकास और खेलों को भी प्रोत्साहित करती है। अब ये प्रतिभाशाली खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे और उम्मीद है कि वे वहां भी शानदार प्रदर्शन कर राज्य का नाम रोशन करेंगे। यह आयोजन केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश के भावी ग्रैंडमास्टर्स के लिए प्रेरणा और मंच बनकर उभरा है।

## स्व. सुरेशचंद्र लुणावत स्मृति टी-20 क्रिकेट स्पर्धा में एसएस कम्यून की आसान जीत

इंदौर। आईडीसीए के तत्वावधान में मास्टर ब्लास्टर एकेडमी द्वारा आयोजित स्व. सुरेषचन्द्र लुणावत स्मृति टी-20 स्पर्धा के अंतर्गत आज देव्ज एकेडमी एवं एसएस कम्यून के मध्य दिनांक 25 मई 2025 को शाम 6:30 बजे से रात्रिकालिन मैच खेला गया जिसमें देव्ज क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरो में 8 किवेट पर 144 रन बनाये । सारांष सुराना ने सर्वाधिक 38 रन बनाये । जय प्रताप ने 4 विकेट एवं पियुष तिवारी ने 2 विकेट लिये। जवाब में एसएस कम्यून की टीम ने 18 ओवरो में 6 विकेट पर 145 रन बनाकर यह मैच 4 विकेट से जीत लिया । अर्पित गौड ने 33 रन बनाये । हर्ष दीक्षित व सारांष सुराना ने 2-2 विकेट लिये।

**देव्ज एकेडमी की शानदार जीत-** इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच विजय क्लब एवं देव्ज एकेडमी के मध्य मैच खेला गया वेट पिच होने के कारण मैच 11-11 ओवरो का खेला गया जिसमें विजय क्लब ने पहले खेलते हुए निर्धारित 11 ओवरो में सभी विकेट खोकर 70 रन बनाये । कोई भी बल्लेबाज उल्लेखनीय प्रदेर्षन नही कर सका । हर्षवर्धन, सारांष, हर्ष एवं आदित्य ने 2-2 विकेट लिये । जवाब में देव्ज एकडमी ने 9 ओवरो में 3 विकेट खोकर 76 रन बनाकर यह मैच 7 विकेट से जीत लिया । यष मालाकार ने सर्वाधिक नाबाद 46 रनों का योगदान दिया ।

**एसएस कम्यून की रोमांचक जीत-** इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एसएस कम्यून एवं महू स्पोर्ट्स के मध्य खेला गया जिसमें एसएस कम्यून ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 161 रन बनाये । राहुल चन्द्रोल ने नाबाद 68 रन एवं पवन गोंड ने 44 रन बनाये । केषव पाटीदार ने 3 विकेट लिये । जवाब में महू स्पोस्ट्स की टीम 20 ओवरो में 7 विकेट पर 156 रन ही बना पाई और यह मैच 5 रनों से हार गई । दिपांषु राजपुत ने 48 रन बनाये । करन तेहलानी ने 3 विकेट लिये ।

**इमरान लतीफ के आक्रामक शतक से मास्टर ब्लास्टर एकेडमी जीता-** इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच मास्टर ब्लास्टर एकेडमी एवं एसवीसीए के मध्य



खेला गया जिसमें एमबीसीए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरो में 5 विकेट पर 258 रनों का विषाल स्कोर खडा किया । इमरान लतीफ ने आक्रामक नाबाद 136 रन 53 बॉल, 14 छक्के एवं 6 चौके तथा करन तिवारी ने 88 रन 44 बॉल, 7 चौके 5 छक्के का योगदान दिया । करन अजमेरा ने 3 विकेट लिये । जवाब में एसवीसीए की टीम 17 ओवरो में 117 रनों पर सिमट गई और यह मैच 139 रनों के विषाल अंतर से हार गई । अमित जोषी ने 27 रन बनाये । गौरव शर्मा ने 3 विकेट तथा अंषुल व करन ने 2-2 विकेट लिये ।

**नायर क्रिकेट एकेडमी की रोमांचक जीत-** इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एनसीए एवं श्रीराम स्पोर्ट्स के मध्य खेला गया जिसमें एनसीए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरो में 5 विकेट खोकर 184 रन बनाये । अंकुष सिंहन ने 8 चौके व 4 छक्के की सहायता से 71 रन एवं लकी मिश्रा ने नाबाद 34 रन बनाये। राहुल यादव ने 3 विकेट लिये । जवाब में श्रीराम स्पोर्ट्स की टीम 20 ओवरो में 175 रन ही बना सकी और यह मैच 9 रनां से हार गई । धर्मेष पटेल ने 58 रन बनाये ।

**इंदौर स्पोर्ट्स की आसान जीत-** इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच स्टार क्लब एवं इंदौर स्पोर्ट्स के मध्य खेला गया जिसमें स्टार क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरो में 9 विकेट पर 132 रन बनाये । अक्षत बुन्देला ने 34 रन बनाये । अनिल मौर्य ने 3 विकेट लिये । जवाब मे इंदौर स्पोर्ट्स की टीम ने 15 ओवरो में 2 विकेट पर 136 रन बनाकर यह मैच 8 विकेट से जीत लिया । शुभम ष्शर्मा ने नाबाद 67 रन एवं अनिल मौर्य ने नाबा 54 रनाये ।

**ओजस के आक्रामक शतक से आयसीसी जीता-** इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच आयसीसी एवं एसएलएफ के मध्य खेला गया जिसमें आयसीसी ने पहले खेलते हुए 19 ओवरो में सभी विकेट खोकर 217 रन बनाये । ओजस यादव ने 23 बॉल में 10 चौको व 12 छक्के की मदद से 123 रन एवं अथर्व यादव ने 47 रन बनाये । मानस जैन व अवि पाल ने 2-2 विकेट लिये । जवाब में एसएलएफ की टीम 17 ओवरो में 167 रनों पर सिमट गई और यह मैच 50 रनों से हार गई । महेष डामोर ने 26 रन बनाये । प्रबांषु शुक्ला ने 4 विकेट एवं विष्वजीत पाठक ने 2 विकेट लिये ।

**एकेसीए की रोमांचक जीत-** इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच आरबीसीएफ एवं एकेसीए के मध्य खेला गया जिसमें एकेसीए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरो में 7 विकेट खोकर 165 रन बनाये । अथर्व जोषी ने सर्वाधिक 74 रन बनाये । जवाब में आरबीसीएफ की टीम 20 ओवरो में 5 विकेट पर 155 रन ही बना सकी और यह मैच 20 रनों के अंतर से हार गई । आदित्य कौषिक ने 40 रन एवं अंष बागडिया ने 38 रन बनाये ।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं संपादक सुनील वर्मा के लिए 1/4, परदेशीपुरा इन्दौर से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रेस 4/54 प्रेस कॉम्प्लेस एबी रोड इंदौर मध्यप्रदेश इन्दौर से मुद्रित.
कार्पोरेट कार्यालय : 301, अरु प्लाजा एमजी रोड इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com